Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 112 | गुरूवार, 24 अप्रैल-2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीड़ितों के शव उनके घर पहुंचाए जा रहे

# पहलगाम आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक आज

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर गुरुवार को सर्वदलीय बैठक आयोजित करेगी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संभव है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी दलों ने मांग की थी कि सरकार को इस मुद्दे पर सभी दलों की एक बैठक बुलानी चाहिए। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह



इस मुद्दे पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं। संभावना है कि सिंह इस आतंकी हमले पर विभिन्न दलों के नेताओं को पूरी जानकारी देंगे। पर्यटकों को निशाना बनाकर किए गए इस हमले में कम से कम 26 लोगों की जान गई। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से ये दावा किया है। इससे पहले बुधवार शाम पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई जिसमें भारत ने पाकिस्तान के साथ वर्ष 1960 में किये गये सिंधु जल समझौते को रोकने का फैसला किया। पाकिस्तान जब तक सीमा पार आतंकवाद पर ठोस कार्रवाई नहीं करेगा, तब तक यह समझौता रुका रहेगा। इस फैसले की अहमियत इस बात से समझी जा सकती है कि पूर्व में दोनों देशों के बीच युद्ध की स्थिति में भी भारत ने सिंधु जल समझौते को रद्द नहीं किया था।

## अटारी सीमा बंद

ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने राज्य के अन्य नेताओं के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए प्रशांत सतपथी को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रशांत सतपथी का पार्थिव शरीर उनके आवास पर पहुंच चुका है। पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के कवाली निवासी मधुसुधा राव के पार्थिव शरीर को चेन्नई लाया गया। तमिलनाडु भाजपा प्रमुख नैनार नागेंद्रन और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सेल्वापेरुन्थागई ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान का शीर्ष असैन्य और सैन्य नेतृत्व आज करेगा बैठक



**इस्लामाबाद।**

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में लिए गए कड़े फैसलों से पाकिस्तान में बौखलाहट की स्थिति है। इसी का नतीजा है कि भारत की ओर से लिए गए फैसलों से निपटने के लिए गुरुवार को पाकिस्तान के शीर्ष असैन्य व सैन्य नेतृत्व की बैठक बुलाई गई है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार रात एक बयान में कहा, 'प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) का एक बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसमें भारतीय कदमों का उचित जवाब देने के लिए फैसले लिए जाएंगे। इस बैठक में तीनों सेना प्रमुख और प्रमुख कैबिनेट मंत्री हिस्सा लेंगे। ऐसी बैठकें कुछ मौकों पर बुलाई जाती हैं जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मसलों पर विचार-विमर्श किया जाता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिस तरह अंतरराष्ट्रीय जगत भारत के साथ आ रहा है उससे पाकिस्तान साफ तौर पर दबाव महसूस कर रहा है।

### संन्यास के बाद भी करोड़ों कमा रहे हैं सचिन तेंदुलकर

**नई दिल्ली।**

दुनिया भर के क्रिकेट फैंस के लिए आज का दिन बेहद खास है। आज यानी 24 अप्रैल वो दिन है जब क्रिकेट की दुनिया में छाने वाला एक शख्स पैदा हुआ था। साल 1973 में मुंबई में रमेश तेंदुलकर के यहां एक बच्चे ने जन्म लिया और महज 16 साल बाद ही दुनिया ने उस बच्चे में एक महान खिलाड़ी के दर्शन कर लिए। ये नाम है सचिन तेंदुलकर जिन्हें क्रिकेट की दुनिया का भगवान कहा जाता है। आज उनका जन्मदिन है। सचिन तेंदुलकर ने 15 नवंबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया और बता दिया कि वह आने वाले दिनों में 22 गज के बादशाह



होंगे। वह बने भी और ऐसे बने कि आज तक उन्हें वहां से कोई हटा नहीं पाया। बल्लेबाजी करते हुए जो असंभव लगता था उसे सचिन ने संभव करके दिखाया। साल 2013 में उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कह दिया लेकिन संन्यास के बाद भी न ही क्रिकेट की दुनिया में सचिन की बादशाहत कम हुई है।

## होटलों और एयरलाइंस से मिलेगा पूरा रिफंड

**नई दिल्ली।**

पहलगाम की आतंकी घटना के बाद जम्मू-कश्मीर में फंसे या वहां जाने वाले पर्यटकों की मदद के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय आगे आया है। मंत्रालय ने देश भर के टूरिस्ट सर्विस प्रोवाइडरों व होटल संचालकों के लिए बुधवार को एक एडवाइजरी की है, जिसमें बुकिंग कैंसिल कराने पर ली जाने वाली कैंसिलेशन फीस माफ करने सहित सहूलियत के लिए सभी जरूरी उपाय करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने यह निर्देश ऐसे समय दिया है, जब घटना के बाद बड़ी संख्या में पर्यटक बुकिंग कैंसिल




करा रहे हैं। इस बीच केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी घटना के बाद वहां फंसे या जाने वाले पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्य सचिव व पर्यटन सचिव के साथ वह खुद और मंत्रालय लगातार संपर्क में है।

## 'चौपट हो गया कश्मीर का टूरिस्म, खाने को तरस जाएंगे कश्मीरी'

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद 90 फीसदी बुकिंग रद्द

**नई दिल्ली।**

दिल्ली की कई ट्रैवल एजेंसियों ने बुधवार को बताया कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पर्यटकों द्वारा सुरक्षा कारणों से जम्मू-कश्मीर के लिए लगभग 90 प्रतिशत बुकिंग रद्द करा दी गई हैं। कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहा जाता रहा है। कश्मीर की वादियों में घूमना किसी सपने से कम नहीं है। यह जगह बेहद खूबसूरत है। कई बड़ी फिल्मों की शूटिंग भी घाटी में हुई हैं। पर्यटकों को कश्मीर जाना काफी ज्यादा पसंद हैं। सोनमर्ग, गुलमर्ग, पहलगाम, श्रीनगर आदि जगहों पर लोग खूब घूमते हैं। यहां की बर्फबारी पूरे भारत में मशहूर हैं। यह मौसम कश्मीर जाने का काफी



सुखद मौसम कहा ताजा है। जब से कश्मीर से धारा 370 हटी थी पर्यटकों की सख्या भी बढ़ी थी। सुविधा बढ़ने के बाद लोगों ने कश्मीर को अपनी ट्रेवल लिस्ट में शामिल कर लिया था। लेकिन 22 अप्रैल को हालात बदल गये। कश्मीर में अब तक आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच जो टशल चलती थी वह अब आम जनता पर आ गयी। आतंकियों ने पहलगाव में एक बड़ा आतंकी हमला कर दिया और 28 टूरिस्टों की जान ले ली।

## बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# 'भारत को डराया नहीं जा सकता हम जोरदार जवाब देंगे'

**नई दिल्ली।**

राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुई कायराना हरकत में कई मासूम लोगों की जान चली गई। हम बहुत दुखी हैं। मैं उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, भारतीय वायु सेना एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी के साथ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। वहीं, एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसको लेकर बड़ा बयान भी दिया। उन्होंने सबसे पहले इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत को डराया नहीं जा सकता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुई कायराना हरकत में कई मासूम लोगों की जान चली गई। हम बहुत दुखी हैं। मैं उन परिवारों के प्रति अपनी



एएनआई की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी ने क्षेत्र में हुए आतंकी हमले के बाद पहलगाम, जम्मू और कश्मीर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा स्थिति के बारे में रक्षा मंत्री को जानकारी दी। उपर्युक्त सूत्रों के अनुसार, शीर्ष अधिकारी प्रभावित इलाकों में पहुंच गए हैं, स्थानीय सुरक्षा बलों को अलर्ट पर रखा गया है और हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी और विनाश अभियान चलाने के लिए अतिरिक्त सैनिकों को इलाके में भेजा जा रहा है।

संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। उन्होंने कहा कि मैं आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प को दोहराना चाहता हूं। आतंकवाद के प्रति हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है... मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। हम न केवल इस कृत्य के दोषियों तक पहुंचेंगे बल्कि पर्दे के पीछे के किरदारों तक भी पहुंचेंगे। आरोपियों को जल्द ही जोरदार और स्पष्ट जवाब मिलेगा, यह मैं देश को आश्वस्त करना चाहता हूं।

## सहारा मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई 1500 करोड़ रुपये से अधिक की नई संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने सहारा समूह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत 1,500 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नई संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने पीएमएलए के तहत सहारा प्राइम सिटी लिमिटेड की 16 शहरों में कुल 1,023 एकड़ भूमि कुर्क करने के लिए एक आदेश जारी किया था। इन भूखंडों का कुल मूल्य 2016 सर्किल रेट के अनुसार, 1,538 करोड़ रुपये है।

## दर्द तो रुकने का...हाथों की मेहंदी छूटने से पहले मिट गया मांग का सिंदूर, लेफ्टिनेंट नरवाल की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल



**नई दिल्ली।**

आज ही करनाल में नेवी अफसर विनय नरवाल का अंतिम संस्कार होगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी ने अपने पति को भावभीनी विदाई दी, जो पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हो गए थे। नरवाल की पत्नी इस दौरान बेबस दिखीं। वह फूट-फूट कर हो रही थीं। दोनों की शादी 16 अप्रैल को हुई थी। आज ही करनाल में नेवी अफसर विनय नरवाल का अंतिम संस्कार होगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा के लिए कांग्रेस कार्यसमिति की आपात बैठक आज

**नई दिल्ली।**

पहलगाम आतंकी हमले पर देश के गम और आक्रोश में शामिल मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी कार्यसमिति की आपात बैठक बुलाई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में इस बैठक में पहलगाम में पर्यटकों पर क्रूर आतंकी हमले से पूरी सख्ती से निपटने की देश की प्रतिबद्धता दोहराते हुए पार्टी इसके गुनहगारों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में सीमापार आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मुखर आवाज उठाएगी। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को श्रीनगर पीसीआर अस्पताल जाकर हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के बाद 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के मद्देनजर गुरुवार सुबह 11 बजे कांग्रेस कार्यसमिति की आपात बैठक होगी। उन्होंने कहा कि पूरे वातावरण में दुख का माहौल था, परिवार बिखर गए, मासूम जिंदगियां खत्म हो गईं। सपने खिलने से पहले ही मुरझा गए। वहां खड़े होकर दर्द और खामोशी के बीच कोई भी व्यक्ति आतंक की क्रूरता और मानवता पर उसके असहनीय बोझ को महसूस किए बिना नहीं रह सकता। हमें न केवल शोक में, बल्कि हिंसा और आतंक के विरुद्ध अपने अडिग संकल्प में भी एकजुट होना चाहिए। भारत कभी नहीं भूलेगा।



## संपादक की कलम से


# कश्मीर में एक और नरसंहार

एक तस्वीर मीडिया के जरिए दुनिया के सामने आई है। सबसे त्रासद, दर्दनाक और नरसंहार को बयां करती तस्वीरङ्क! एक नवविवाहिता की कलाइयों पर लाल रंग का चूड़ा है, उंगली में अंगूठी है, लेकिन वह अपने पति के शव के पास गुमसुम बैठी है। उसके भीतर न जाने कितने अंधड़ उमड़ रहे होंगे! आतंकी हमले ने एक नवविवाहित जोड़े की जिंदगी ही काली कर दी। कश्मीर में पहलगाम जिले के बैसरन घसियाले मैदान में आतंकियों ने हमला किया है। यह हमला ही नहीं, बल्कि दानवी नरसंहार है, जिसमें 28 निहत्थे, निर्दोष, मासूम पर्यटकों को, मात्र 20 मिनट में ही, लाश बना दिया गया। बैसरन घाटी पहलगाम से करीब 7 किमी दूर है। एक बेहद खूबसूरत घास का मैदान, जिसे ह्यमिनी स्विट्जरलैंडह्न कहते हैं, लेकिन आतंकियों ने उसे भी खून से लथपथ कर बदनाम कर दिया। पहलगाम से अमरनाथ यात्रा का एक मुख्य मार्ग जाता है। धार्मिक यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण भी शुरू हो चुका है। आतंकियों ने तीर्थयात्रियों के लिए भी खौफ और दहशत के भाव पैदा कर दिए हैं। इस बार आतंकियों ने चुन-चुन कर ह्यहिंदू पर्यटकोंह्न को ही निशाना बनाया है। उनका नाम और धर्म पूछा गया, कलाई में कलावा देखा और कलमा नहीं पढ़ पाए, तो उन्हें गोलियों से भून दिया। बताया गया है कि 4-5 आतंकी थे। उन्होंने 50-70 राउंड गोलीबारी की और 28 सैलानियों को मौत की नींद सुला दिया। अधिकतर पुरुष पर्यटकों को ही निशाना बनाया गया। कर्नाटक की एक महिला ने पति की मौत के बाद जब कहा कि उसे भी मार दें, तो आतंकियों ने जवाब दिया-ह्यनहीं, तुम्हें नहीं मारेंगे। तुम जाओ, जाकर मोदी को बता दो।ह्न इस जवाब से ही आतंकियों की सोच और मंशा समझी जा सकती है। बहरहाल कश्मीर में फरवरी, 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के बाद यह नरसंहार सबसे बड़ा और वीभत्स है। पुलवामा में 40 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को आतंकियों ने ह्यशहीदह्न कर दिया था। पहलगाम में धर्म के आधार पर चिह्नित कर पर्यटकों पर पहली बार आतंकी हमला किया गया है। इस नरसंहार ने मार्च, 2000 के चित्तीसिंहपुरा आतंकी हमले की याद ताजा करा दी, जिसमें 35 ग्रामीण सिखों को उनके घरों से निकाल कर मार दिया गया था। तब अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन कश्मीर के प्रवास पर ही थे। इस बार अमरीका के उपराष्ट्रपति वेंस भारत के प्रवास पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी सऊदी अरब गए हुए थे। बहरहाल उन्हें तुरंत लौटना पड़ा। लौटने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह को फोन पर निर्देश दिए कि तुरंत श्रीनगर जाएं और हालात तथा सुरक्षा का जायजा लें। गृहमंत्री श्रीनगर में ही हैं। उन्होंने उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह सचिव सहित सुरक्षा के शीर्ष अधिकारियों के साथ मंथन किया कि ऐसा क्यों हुआ है? राष्ट्रीय जांच एजेंसी भी अब ऑपरेशन में शामिल हो सकती है। सरकार और सुरक्षा-तंत्र तुरंत सक्रिय हो गए हैं। पहाड़ी और जंगलात वाले उस इलाके की सेना और सुरक्षा-बलों ने घेराबंदी कर ली है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने कहा है कि आतंकियों का नापाक एजेंडा सफल नहीं होने दिया जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का हमारा संकल्प मजबूत है।



ललित शर्मा
संपादक

# जम्मू कश्मीर पहलगाम टूरिस्टों पर आतंकी हमला- पूरी दुनियाँ ने भारत के समर्थन में आतंकवाद के खिलाफ उठाई आवाज



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर हर देश के लिए आतंकवाद एक नासूर बन गया है, जिसका दंश अनेक बार अनेकों देश झेल चुके हैं और झेल भी रहे हैं, जिसका अधिक भुक्तभोगी भारत भी रहा है। आज हम फिर आतंकवाद पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि दिनांक 22 अप्रैल 2024 को शाम अनंतनाग जिले के पहलगाम की घाटियों में, जहां एक घासभरा मैदान है, वहां कुछ दूर पैदल जाकर ही पहुंचा जा सकता है, जहां रेस्टोरेंट वगैरा भी है अचानक कुछ आतंकवादियों का एक गुट आया और टूरिस्ट से उनका नाम जाति पूछ पूछ कर अंधाधुंध गोलियां दागी जिसमें निर्दोष लोग करीब 27 से अधिक टूरिस्टों की मौत होने व अनेकों घायल होने की जानकारी 22 अप्रैल शाम से डिजिटल तथा इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर लगातार चल रही है जो 23 अप्रैल 2025 तक अर्ली मॉर्निंग तक मैं खुद करीब 18 घंटों तक इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल संसाधनों से जुड़ा रहा। सभी चैनलों पर डिबेट, एक्सपर्ट की राय, व एनालिसिस को सुनकर, मैंने उसका विश्लेषण कर यह आर्टिकल तैयार किया हूं। बता दें पूरे विश्व में इस घटना को सीरियस एंगल से लिया गया है तथा तीव्र निषेध किया हैं। जहां एक ओर हमारे गृहमंत्री तुरंत घटनास्थलपर रवाना होकर कश्मीर में एक हाई लेवल मीटिंग रात करीब 12-1 बजे तक लिए, जिसमें हमारे पीएम भी ऑनलाइन उपस्थित थे और फिर गृह मंत्री पहलगाम के लिए रवाना हुए, तो वही हमारे माननीय पीएम जो सऊदी अरब की यात्रा पर थे, यह घटना सुनकर आमंत्रित रात्रि भोज में भी ना जाकर, सऊदी अरब दौरा बीच में छोड़कर व रात्रि कश्मीर में हुई, हाई प्रोफाइल मीटिंग में भी ऑनलाइन जुड़े रहे तथा अर्ली मॉर्निंग वापस आकर बुधवार दिनांक 23 अप्रैल 2025 को सुबह केबिनेट कमिटी ओंन सिक्योरिटी (सीसीएस) में भी मौजूद रहे व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी वातालर्प करने की जानकारी आई है। बता दें इस घटना की निंदा अमेरिका रूस इसराइल सऊदी अरब यूक्रेन ब्राजील सहित अनेक देशों ने ट्वीट करके की है, तथा मुश्किल की घड़ी में भारत के साथ होने की बात कही है। भारतीय पीएम दौरे पर सऊदी अरब हुए हैं। भारत में चार दिवसीय दौरे पर मौजूद अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने भी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि नक्सलवाद मावोवाद को जिस तरह समाप्त करने की डेडलाइन 31 मार्च 2026 तक की गई है, अब इस तरह कश्मीर घाटी में आतंकवाद समाप्त करने की भी डेड लाइन घोषित करने की जरूरत है ताकि एक रणनीति के अनुसार आतंकवादियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करना या फिर उन्हें कड़ी सजाका सामना करना पड़े। यानें आरोप लगने पर या पकड़े जाने पर उनकी सुनवाई, अन्य राज्यों में न्यायालयों मैं की जानी चाहिए तथा इसके पीछे स्लीपिंग आतंकी चेहरे या गुट उजगार करना आर्थिक, कमर तोड़ना, पोषण कराने वाले पड़ोसीमुल्क पर आर्थिक सामाजिक, नैतिक, अंतरराष्ट्रीय व जरूरत पड़ने पर हथियारों करना समय की मांग है, ताकि यह संदेश जाए कि अब भारत पहले




वाली स्थिति में नहीं रहा, जब कि अब ईट का जवाब पत्थर से व तिल का जवाब पहाड़ से देने की स्थिति रखता है। कुल मिलाकर मुझे ऐसा महसूस होता है कि आतंकवाद की उल्टी गिनती शुरू होने की संभावना बढ़ गई है, क्योंकि अब अति सख्त रणनीति बनाई जा सकती है। उधर आतंकवादी नरसंहार के विरोध में कश्मीर के बार काउंसिल, डोडा काउंसिल डोडा शिक्षा विभाग, अनेक लोकल संगठनों व संस्थाओं ने 23 अप्रैल 2025 को बंद का आह्वान किया है, क्योंकि नागरिक बहुत रोष में है, जहां जगह-जगह कैंडल मार्च में शांति मोर्चा निकाला जा रहा है, अभी अमरनाथ यात्रा जो कुछ दिनों में शुरू होने वाली है उसमें दहशत का माहौल बनाया जा रहा है, इसलिए अब इस घटना का जवाब देना जरूरी हो गया है। चूँकि पहलगाम टूरिस्टों पर आतंकी हमला, 27 से अधिक मृत, अनेकों घायल, अमेरिका रूस सहित पूरा विश्व संकट की घड़ी में, भारत के साथ खड़ा है पूरी दुनिया ने भारत के समर्थन में आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध

जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में नक्सलवाद माओवाद समाप्ति की डेड लाइन 31 मार्च 2026 की तरह जम्मू कश्मीर में भी आतंकवाद समाप्त होने की डेडलाइन पर सटीक निर्णय लेना समय की गंभीर मांग है।

साथियों बात अगर हम जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को शाम टूरिस्टों पर अंधाधुंद गोली चलाकर आतंकवादी हमले की करें तो, कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे आतंकियों द्वारा की गई गोलीबारी में करीब 27 लोगों की मौत हो गयी। आतंकी हमले में मारे गये लोगों में ज्यादातर पर्यटक थे। यह हमला 2019 के पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला बताया जा रहा है। लोगों ने बताया कि आतंकी पुलिस की वर्दी में वहां पहुंचे थे। यह आतंकी हमला पहलगाम से करीब छह किलोमीटर दूर बैसरन में घने देवदार के जंगलों और पहाड़ों से घिरा एक विशाल घास का मैदान में अंजाम दिया गया। यह मैदान पर्यटकों और ट्रेकर्स का पसंदीदा स्थान है। पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन ह्यद रेजिस्टेंस फ्रंटह्न (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। अधिकारियों ने कहा कि यह संभव है कि आतंकवादी जम्मू के किश्तवाड़ से दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग के रास्ते बैसरन तक पहुंचा हो। जहां आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस घटना ने कश्मीर घाटी में पर्यटन और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं, खासकर तब जब अमरनाथ यात्रा शुरू होने वाली है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दौरान नागपुर का एक परिवार मौके पर मौजूद था गोलियों की आवाज सुनकर वे घबराकर पहाड़ से कूद गए, इस दौरान पैर फिसलने से सिमरन रुपचंदानी घायल हो गईं और उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया है। तिलक और गर्व रुपचंदानी भी उनके साथ थे। तीनों सुरक्षित हैं। उनसे संपर्क कर लिया गया है और उन्हें सभी जरूरी सहायता मुहैया कराई जा रही है। साथियों बात अगर हम पीएम द्वारा अपना सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर अर्ली मॉर्निंग आने की करें तो, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में टूरिस्ट पर हुए आतंकी हमले में 27 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है।

# अमृत बरोबर दूध पेउस



प्रिया देवांगन

पेउस के नाम सुनते ही जम्मो लइकासियान के मुँह ले लार टपके ल लगथे। टपकही कइसे नहीं; अतेक स्वाद भरे जेन रहीथे अउ बड़ मुश्किल म मिलथे। पेउस दूध जेकर नाँव ह संस्कृत भाषा के पेयूष या पयस्शब्द ले बने हे। हमर छत्तीसगढ़ म येला अलगअलग जगा म अलगअलग नॉव ले जाने जाथे।

जइसे पेउस, पियूष, खीस, अमृत।

पेउस दूध का हरै गाय या भइँस ह बछड़ा जनमथे तेकर बाद एक हफ्ता तक जेन दूध निकलथे; ओला पेउस दूध बोले जाथे। ये दूध ह गाढ़ा पिंवरा रंग के होथे। ये दूध ह अब्बड़ फायदेमंद अउ गुणकारी रहिथे। येमा कई प्रकार के विटामिन, प्रोटीन, वसा अउ काबोहाइड्रेट ज्यादा मात्रा म पाए जाथे।

पेउस दूध के फायदा जइसे माँ के दूध लइका बर पोषण ले भरपूर अमृत समान होथे; वइसे ही गायभइँस के दूध बछरु-पँड़वा मन बर पौष्टिक अउ संपूर्ण आहार होथे अउ सिरिफ बछरु-पँड़वा मन बर ही नहीं; मनखे मन के तको बहुत से बीमारी दूर करथे। ये शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता ल बढ़ाथे अउ स्वास्थ्य सुघर रखथे। पेउस दूध के वैज्ञानिक अउ धार्मिक कारण घलो बताए जाथे।

वैज्ञानिक कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाथे; ये ह देह भितरी के वायरस ल मारे के काम करथे।

पाचन म सहायक एमा लैक्टोज के मात्रा पाए जाथे जेन पाचन म सहायता करथे।

वजन कम ये ह चयापचय के क्रिया अर्थात भोजन ल पचा के ऊर्जा निर्माण ले वजन कम करथे।

अइसने एकर अबड़ अकन फायदा बताये जाथे।

धार्मिक कारण बताए जाथे कि बछरु जनमे के बाद दूध के कुछ मात्रा ल घर के सियान मन सबले पहिली कोठार के देवता अउ साहड़ा देव म चघाथे तेकर बाद पेउस दूध ल प्रसाद के रूप म खाए जाथे; फेर कोनोकोनो जगा सुने ल मिलथे कि पहिली के सियान मन ह पेउस दूध ल नइ खावँय। कारण ये हरै कि जइसे लइका के जनमे के बाद महतारी के दूध ही लइका ल भरपूर मात्रा म पोषण देथे। वइसे ही गायभइँस के दूध घलो बछरु-पँड़वा मन के विकास अउ उन? ला पोठ बनाए म सहायता करथे।

सब दूध ल मनखे मन पी लिहीं त बछरु मन तो भूखे मर जहीं न! तेन पाय के सियान मन उपयोग नइ करत रिहिन। तइहा जमाना म गायभइँस के कमी नइ रिहिस। गाँव म जम्मो घर कोठाबारी रहय। जेकर घर ज्यादा ले ज्यादा गरुवा, बइला, भँइसा रहय तेन मनखे मन ल गाँव के पोठ गउँटिया बोले जाय। हर महीना ककरो न ककरो घर बछरुपँड़वा जनमते रहय। गाँव के मनखे मन पेउस ल प्रसाद के रूप म बाँटय घलो। कोनोकोनो ल पेउस अब्बड़ सुघ्घर लगथे; खाय खाय के मन लगथे। फेर ज्यादा खाय ले नुकसान घलो होथे। पेट गुड़गुड़ा जथे। कखरो घर गाय जनमे के बेरा आ जाए त लइका मन तॉकत बइठे रहय; पेउस दूध मिलही कहिके। ₹गाय चरावै राऊत, दूध खाए बिलैया।₹ पेउस दूध सिर्फ गाय-भइँस के ही खायपीये जाथे; कुकुर, बिलई अउ छेरी के नइ खाए जावय। पेउस दूध ल सोज्झे नइ पी दय। येला जमा के मिठई कस बना के खाए जाथे। पेउस कइसे जमाय जाथे पेउस दूध, इलाइची, शक्कर नइते गुड़।

सबले पहिली चूल्हा म एक कढ़ाई या गंजी म पानी भर के रखथें, ओकर बाद एक थारी म पेउस दूध, शक्कर नइते गुड़ अउ? स्वाद बर इलायची डार के घोरे के बाद थारी ल गंजी ऊपर मढ़ा देथें अउ ढँकना ल तोप देथें। काबर की ओला भाप म चुरोए जाथे। तीसचालीस मिनट बाद पेउस जम जाथे।

जुड़ाय के बाद चाकू ले कतराकतरा काट के खाए जाथे।

मीठापन के कारण बहुत बढ़िया स्वाद रहिथे। पेउस ल बिना चुरोय नइ पीये जाय। अइसे सियान मन बताय हे।

अब धीरेधीरे गाय, बछरु, कोठाबारी सबो ह नँदावत जावत हे।

अब के लइका मन येकर बारे म बहुत ही कम जानथें। गाँव म आज भी जेकर घर गाय-गरुवा हे ओमन तो जानथे ही; फेर शहर के मन ल देखे बर नोहर हो जाथे। अब चीखे बर का देखे बर नइ मिलय; राऊत ल पेउस दूध बर बोलबे त ओकरे घर नइ बाँचय त हमन ल कहाँ दिही।

जब तक गाय-गरुवा के संरक्षण नइ होही तब तक परिस्थिति अइसने विकट रही। धीरेधीरे दूध मिलना मुश्किल होवत हे। पहिली फोकट म लोटालोटा दूध मिल जात रिहिस; अब फोकट म गोबर घलो नइ मिलय; दूध तो बहुत दूर के बात हरय! त संगवारी हो गरुवाभइँसा के संरक्षण, ओकर जतन करना बहुतेच जरूरी हे। शहर म गाय मन बीच रद्दा म बइठे रहिथें, ओकर मालिक मन ओमन ल छुट्टा ढील दे रहिथें, घर म बॉध के रखे बर बोझा समझथें। कई बार गाय मन दुर्घटना के शिकार घलो हो जाथें। धीरेधीरे येकर प्रजाति कमती होवत हे। एला बचा के रखना हे तभे दूध के संगे-संग पेउस दूध ल चीखे बर मिल सकत हे।

## आतंकवाद का घिनौना रूप

कुछ बद्दिमाग खूंखार राक्षसों की काली करतूत,
मचाती हाहाकार, कष्ट से हो जाता विश्व द्रवीभूत,
निहत्थों पर वार चलाना कैसी शर्मनाक फितरत है ?
कायरता का जश्न मनाना ये कैसी बेकार शोहरत है ?
खून का बदला खून से क्या कर सकता भरपाई,
जिन्होंने अपने जीवन की खोई अनमोल ईकाई,
जन्म लेगी नफरत और भड़के की ज्यादा आग,
चलता रहेगा ये हत्याओं का खूनी दर्दनाक फाग ।

थू थू करता जग सारा तुम पर क्यों साख डुबोते हो ?
गड्ढा खोदते दूसरों के लिए व खुद ही गड्ढे में गिरते हो,
बद्दुआओं में जीकर कौन सा तीर मारा जीवन में ?
खून की नदियां बहाई क्या मिला दहशत घुटन में ?

कैसी तालीम मिली तुमको इंसानियत को ही भूल गए ?
अपने ही मुल्क को बदनाम कर देश प्रेम को भूल गए ?
इस घृणित कर्म से न जाने कितने सिपाही मारे जाएंगे ?
लाल वो भी धरा के बेवजह क्रोध की बलि चढ़ जाएंगे ?

धर्म जाति के नाम पर लडाई करवा गंदा खेल रचते हो ?
क्यों शांति, प्रेम, अमन सुकून को कलंकित करते हों ?
थम जाओ छोड़ दो ये हिंसा का दर्दनाक भयावह मंजर,
मासूमों के हाथ मत दो तुम्हारी नफरत का खूनी खंजर ।

कसूरवार हो तुम क्यों ईर्ष्या घृणा फैला कर हंसते हो ?
किसी से प्रेम नहीं करते बस अहम् को सिद्ध करते हो ?
जो करना होगा वो तो देश की सरकारें निर्णय ले करेंगी,
जहर की इस फसल को जड़ समेत ही उखाड़ फेंकेगी ।

कांप रही है ये कलम आज आंखों की पलकें भी नम,
दुश्मनी की खाई क्यों नहीं होती इतने वर्षों बाद भी कम,
सुरक्षित नहीं इंसान कहीं भी इंसान ही बन बैठा दुश्मन,
₹आनंद₹ नहीं जीवन में बढ़ी हर मन में चिंताएं उलझन ।



मोनिका डागा आनंद, चेन्नई, तमिलनाडु
आपके स्नेह और प्यार का धन्यवाद !
रचना ( स्वरचित व सर्वाधिकार सुरक्षित)

## नीलम सिंह



## पल भर के लिए

कविता

पल भर के लिए पल भर याद कर लूं,
पल भर के लिए पलको में जरा भर लूं।
पाया है तुझे पल भर के लिए,
यूं ही कैसे पल भर के लिए पाबंद करूं,
पाया है तुझे कितने पैमानों के बाद,
यूं ही कैसे पल भर के लिए पाबंद कर दूं,
पल भर के लिए पल भर याद कर लूं,
पल भर के लिए पलको में जरा भर लूं।
पल भर के लिए पंख मिल जाते,
उड जाती पेड़ की पात बन कर,
पहचान है पलकों को पल भर की,
पछतावा है पलकों को पल भर का,
पल भर के लिए पल भर याद कर लूं,
पल भर के लिए पलको में जरा भर लूं।

# क्या है देश के अपमान की परिभाषा

कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी देश विदेश में कहीं भी बोलते हैं तो उनके एक एक शब्द पर सत्ताधारी दल के नेताओं के कान लगे होते हैं। शायद भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रधानमंत्री के भाषण को भी इतने गौर से न सुनते हों जितने कि राहुल गाँधी व सांसद प्रियंका गाँधी व सोनिया गाँधी के भाषण सुने जाते हों। जाहिर है लगभग 11 वर्ष तक केंद्र में सरकार चलाने के बावजूद चूँकि अभी भी नेहरू गाँधी परिवार वर्तमान सत्ता को सीधे तौर पर चुनौती दे रहा है और संसद से लेकर सड़कों तक सत्ता से ऐसे सवाल पूछ रहा जिसका जवाब देने से सत्ता कतराती रहती है। इसीलिये इन्हें नेहरू गाँधी परिवार की बातों में ही 'बतंगड़' बनाने की सामग्री तलाशनी होती है। खासकर राहुल गाँधी जो बातें अपने देश में भी करते हैं यही बात यदि वे विदेश में जाकर करें तो इन्हें यह सब 'विदेशी धरती पर देश का अपमान करना' नजर आता है। वैसे भी राहुल गाँधी ने अमेरिका में बोस्टन की ब्राउन यूनिवर्सिटी में जाकर कौन सी ऐसी नई बात कह दी या नया आरोप लगा दिया जो वे यहाँ संसद से लेकर अपनी जनसभाओं या पत्रकारों के समक्ष नहीं उठाते रहे हैं? वे अनेक बार भारतीय चुनाव आयुक्त और चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठा चुके हैं। वहां भी उन्होंने चुनाव आयोग पर समझौता करने का आरोप लगाया और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में गड़बड़ी का वही दावा किया जो यहाँ भी कई बार कर चुके हैं। फिर आखिर वही बात विदेश की धरती पर करने से वे देशद्रोही, गद्दार, देश के दुश्मन और न जाने क्या क्या कैसे हो गये? आज के सूचना प्रौद्योगिकी इंटरनेट के दौर में क्या ऐसा संभव है कि कोई घटना या कोई वक्तव्य किसी सीमा तक सीमित रखा जा सके? जब युद्ध के मैदान से सीधी खबरें पलक झपकते पूरे विश्व में पहुँच जाती हैं तो मीडिया सम्बोधन में तो वैसे भी विश्व के संवाददाता मौजूद रहते हैं। सब कुछ 'लाईव' चल रहा होता है। फिर यह तो बहुत ही बचकानी सी बात है कि राहुल ने यह बात विदेश में क्यों कह दी? और इसी बहाने सत्ता सुख भोगने वालों ने अपने आका को न केवल अपनी 'आक्रामक सक्रियता' जताने के लिये बल्कि अपने पद व राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखने के लिये राहुल गांधी के प्रति तरह तरह के अपशब्द कह डाले। इस तिलमिलाहट के एक मायने तो यह भी हैं कि यही आरोप राहुल गाँधी भारत में ही लगायें तो कोई बात नहीं, आपत्ति केवल यह है कि उन्होंने यह सब अमेरिका में जाकर क्यों कह दिया? दरअसल राहुल गांधी ने पिछले दिनों अमेरिकी ब्राउन यूनिवर्सिटी में अपने संबोधन में कहा था कि - ₹यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है। मैंने यह कई बार कहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया? ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्राफी देने के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया, बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया ताकि हम वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें।₹ यही सवाल कांग्रेस व विपक्ष द्वारा संसद में मीडिया में और चुनाव आयोग के सामने भी उठाये जा चुके हैं। और विदेशी मीडिया अनेक बार इसकी रिपोर्टिंग भी कर चुका है। अमेरिकी अखबार पूर्व में जहां भारत जैसे विशाल और जटिल देश में बड़े पैमाने पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की क्षमता, भारतीय चुनाव आयोग की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (एश्ट) जैसी तकनीकी प्रगति व मतदाता जागरूकता अभियानों की तारीफ कर चुके हैं वहीं इन्हीं अमेरिकी अखबारों द्वारा 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने वाले लेख भी लिखे जा चुके हैं। द वाशिंगटन पोस्ट और न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे प्रमुख अखबारों द्वारा अपने लेखों में भारतीय चुनाव आयोग पर सत्तारूढ़ दल (विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी) के प्रति कथित पक्षपात के आरोपों का जिक्र किया जा चुका है। इसीतरह 2024 के चुनावों के दौरान, अमेरिकी अखबारों के कुछ लेखों में भारतीय चुनाव आयोग की कार्रवाइयों, जैसे आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर कथित निष्क्रियता या देरी, और विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच को लेकर भी सवाल उठाए जा चुके हैं। द गार्जियन और टाइम मैगजीन जैसे प्रकाशनों ने भी इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जिसे अमेरिका सहित पूरे विश्व में पढ़ा व देखा गया। इन्हीं में एश्ट की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर भी चर्चा हो चुकी है। यह और बात है कि ऐसे लेख अथवा संपादकीय विदेशी मीडिया में प्रकाशित होने के बाद कुछ सत्ता समर्थक भारतीय विश्लेषकों या सरकारी अधिकारियों, अथवा किसी मंत्री द्वारा ऐसी कवरेज को ₹पश्चिमी पक्षपात₹ या ₹माइंड गेमर₹ कह कर अपना पक्ष रख दिया जाता है। खास तौर पर उस समय जबकि इससे भारत की छवि का नकारात्मक रूप से चित्रण होता हो। लिहाजा राहुल पर भड़ास निकालकर अपनी 'वफादारी' का सुबूत देने के बजाये देश के नेता विपक्ष द्वारा उठाये गये सवालों का तार्किक जवाब दिया जाना चाहिये। वे वहां क्यों कह रहे हैं के बजाये यह बताना चाहिये कि उन्हें आखिर ऐसा क्यों कहना पड़ रहा है? उनके सवालों पर उन्हें घटिया शब्दों से संबोधित करने व उनके खिलाफ गोदी मीडिया की जुगलबंदी कर राजनैतिक माहौल तैयार करने से बेहतर है कि भारतीय चुनाव आयोग देश को तथा विपक्ष को अपनी बेगुनाही का सुबूत दे और जनता में अपना विश्वास पैदा करे। रहा सवाल देश की छवि बिगाड़ने का तो देश और दुनिया देख रही है कि देश के अपमान की परिभाषा क्या है और देश की छवि कौन और कैसे बिगाड़ रहा है।



निर्मल रानी

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# पाकिस्तान का पुतला फूंका गया



**वेलकम इंडिया**

**मथुराः** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा मारे गए निर्दोष लोगों के विरोध में सामाजिक कार्यकर्ता विनोद दीक्षित व भावना लाइब्रेरी के निदेशक गगन अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में आज बीएसए कालेज क्षेत्र में युवाओं के द्वारा जुलूस निकालते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका गया । सामाजिक कार्यकर्ता विनोद दीक्षित ने कहा पाकिस्तान के द्वारा करना हरकत के लिए तीव्र निंदा करते हुए पाकिस्तान पर हमला करने की बात कही । निर्देशक गगन अग्रवाल ने कहा जिस तरह आतंकवादियों के द्वारा धर्म पूछ कर गोली मारी गई इससे क्या साबित होता है कि यह अटैक धर्म के ऊपर किया गया है अब मोदी सरकार को चुप नहीं बैठना चाहिए और तुरंत आतंकवादियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए । जुलूस में हेमन्त अग्रवाल, गगन अग्रवाल, सचिन गुर्जर, योगेन्द्र सिंह, दीपक ठाकुर,सैकड़ो की संख्या में युवा और छात्र रहे शामिल ।

# भारत की एकता व अखंडता पर सीधा प्रहार है पहलगाम आतंकी हमला : प्रिया असीजा

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला नरसंहार है। केंद्र सरकार को इस मामले में कड़ा रूख अपनाते हुए आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए। यह बात समाजसेविका व भिवानी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी प्रिया असीजा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस भीषण आतंकी हमला में 26 पर्यटकों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा हिंदु धर्म को निशाना बनाकर निर्दोष लोगों की हत्या की गई, जिससे स्पष्ट तौर पर हिंदु विरोधी व आतंकवाद का चेहरा सामने आता है। उन्होंने कहा कि यह घटना नागरिकों पर हुआ सबसे घातक हमला है, जिसने देशभर में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ा दी है। उन्होंने कहा कि यह एक कायरतापूर्ण कृत्य है। यह भारत की एकता व अखंडता पर सीधा हमला है, जिसके चलते देश के प्रत्येक नागरिक में रोष है। प्रिया असीजा ने कहा कि यह आतंकी हमला ना केवल निर्दोष पर्यटकों की जान लेने वाला कृत्य है, बल्कि यह देश में शांति और स्थिरता के लिए एक गंभीर चुनौती भी है। प्रिया असीजा ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला निश्चित रूप से सुरक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। क्योंकि जम्मू-कश्मीर एक पर्यटन स्थल है, जहां पर देश-विदेश से हजारों-लाखों पर्यटक आते है। लेकिन इसके बावजूद भी पहलगाम जैसे व्यस्त पर्यटक स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था में इतनी बड़ी चूक होना बड़े सवाल खड़ा करता है। यही नहीं आतंकवादियों को स्थानीय स्तर पर मिलने वाला समर्थन भी एक गंभीर चिंता का विषय है। इस घटना ने एक बार फिर से यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर कठोर और निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए इस आतंकवादी हमले के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए, ताकि आतंकवाद को जड़ से खत्म किया जा सकें।

# हीट वेव के चलते विद्यालयों के समय का हुआ परिवर्तन



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर**/इन दिनों जनपद में हिट वेव चरम पर है। भीषण गर्मी के चलते सभी को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे जिन्हें समुचित भौतिक संसाधन की उपलब्धता नहीं रहती है, गर्मी से उन्हें बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस विषयक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ समेत अन्य संगठनों में ने भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से समय परिवर्तन की मांग की थी। इस संबंध में बीएसए के द्वारा जिलाधिकारी बुलंदशहर को पत्र प्रेषित की गई थी जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए विद्यालयों का समय प्रातः 7:30 से 12:30 तक करने का आदेश दिया है।

# प्राथमिक विद्यालय कमालपुर में कम्प्यूटर लैब का उदघाटन

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़** जनपद के प्राथमिक विद्यालय कमालपुर मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हापुड़ रीतु तोमर, खड़ शिक्षा अधिकारी योगेश गुप्ता एवं जिला समन्वयक संजय यादव द्वारा कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। शिक्षिका भावना शर्मा 2018 की राज्य पुरस्कार विजेता हैं उन्होंने बताया कि इससे पहले भी उनके सहयोग से विद्यालय में प्रोजेक्टर दो कंप्यूटर लैपटाप की व्यवस्था उनके द्वारा की गयी थी। सामुदायिक सहभागिता से एक स्मार्ट टीवी भी विद्यालय को उपलब्ध कराया गया और अब पांच कंप्यूटर और कुल मिलाकर सात कम्प्यूटर से सुसज्जित एक बड़ी लैब का निर्माण विद्यालय में किया गया है। इसका उद्देश यबच्चों को कंप्यूटर शिक्षा में पारंगत करना है जिससे सरकारी विद्यालय के बच्चे भी आगे प्राइवेट स्कूलों के बच्चों से टक्कर ले सकें। भावना शर्मा कई महीनो की सैलरी भी अपने विद्यालय में लगा चुकी हैं। शिक्षिका ने बताया कि बच्चों की लर्निंग पावर बहुत ज्यादा होती है उन्हें एक बार अगर आप समझाते हैं तो वह बहुत जल्दी उसको सीखते हैं कंप्यूटर लैब से विद्यालय में बच्चों का नामांकन बढ़ना तय है। शिक्षिका ने बताया कि पूर्व छात्र छात्रा भी तथा गांव की लड़कियां भी इस कंप्यूटर लैब का फायदा उठा सकते हैं और कंप्यूटर सीख सकते हैं उनके विद्यालय के बच्चे प्राइवेट स्कूल के बच्चों को टक्कर देते हैं। अभी-अभी दो बच्चों का चयन भी नवोदय विद्यालय में हुआ है बच्चों ने टीएलएम एग्जिबिशन भी लगाई।

गत वर्ष प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कार भी किया गया बच्चों को पुस्तक वितरण भी किया गया बच्चों को धीरे-धीरे एआई टेक्नोलॉजी से जोड़ते हुए बच्चों को भविष्य में आगे ले जाना है। शिक्षिका भावना शर्मा ने बताया कि उनके स्टाफ सुधा रानी, रेनू चौधरी, तसव्वर अली व आंगनबाड़ी कार्यकत्री बबीता शर्मा, कमलेश तरन्नुम के बिना यह कार्य संभव नहीं था। उस्मान प्रधान, वीरेंद्र कुमार, मोनिका राठी, यशवीर सिंह, समून व ग्राम वासियों की शानदार उपस्थिति रही। सभी ने कार्यक्रम को बहुत सराहा।

# पहलगाम आतंकवादी हमले की भर्त्सना एवं श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (आरएसएम) जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कठोर शब्दों में भर्त्सना करता है। यह हमला न केवल निर्दोष नागरिकों के जीवन पर किया गया एक अमानवीय आक्रमण था, बल्कि मजहब के आधार पर मानवता की नृशंस हत्या का कृत्य भी था।

महासंघ के महामंत्री डॉ कमल कौशिक ने कहा कि निदोर्षों के विरुद्ध ऐसी हिंसा सभ्यता के मूल्यों पर सीधा आघात है। यह हमारे देश की एकता और अखंडता पर हमला है। सभी राजनीतिक दलों और संगठनों को अपनी भिन्नताओं से ऊपर उठकर इस आतंकवादी कृत्य के विरुद्ध एकजुट होना चाहिए। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इस घटना की घोर निंदा करता है और देश के नागरिकों से शांति, संयम एवं एकता बनाए रखने की अपील करता है। महासंघ के जिला मीडिया प्रमुख गोवर्धन दास गुप्ता ने कहा कि मजहब के नाम पर इस प्रकार की हत्याएँ मानवता के इतिहास पर कलंक हैं। हम मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तथा उनके परिवारों के प्रति अपनी गहन संवेदनाएँ व्यक्त करते हैं। सम्पूर्ण शैक्षिक जगत आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर मानवता एवं राष्ट्रीय एकता के मूल्यों की रक्षा करने के लिए कृतसंकल्प हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पीड़ित परिवारों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करता है और सरकार से अपेक्षा करता है कि आतंकवाद के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही कर दोषियों को दंडित किया जाए। रोष प्रकट करने वालों में गोपाल सारस्वत, देवेंद्र शर्मा, पवन गौतम कन्हैयालाल मनमोहन गौतम प्राची आदि उपस्थित रहे।

# कोल्ड स्टोर में लगी भीषण आग, कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के अल्हादपुर गांव में स्थित एक कोल्ड स्टोर में अचानक भीषण आग लग गई। जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। कोल्ड स्टोर से उठती तेज लपटें और धुआं देख ग्रामीणों ने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। बताया जा रहा है कि कोल्ड स्टोर में बड़ी मात्रा में आलू, फल, सब्जियां तथा अन्य खाद्य पदार्थ संग्रहित थे, जो आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गए। आग की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लपटें करीब 10 फिट तक आकाश की ओर उठ रही थीं। कई किलोमीटर दूर से धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा घटना की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मौके पर पहुंचे दमकल अधिकारी और थाना इज्जतनगर पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर लिया और स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी। कोल्ड स्टोर में रखा लाखों रुपये मूल्य की सामग्री इस अग्निकांड में जलकर नष्ट हो गई है। हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना के समय कोल्ड स्टोर में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि आग पर नियंत्रण पा लिया गया है और स्थिति पूरी तरह से काबू में है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच के लिए एक टीम गठित की जा रही है, जो तकनीकी और अन्य पहलुओं की गहराई से जांच करेगी।

# पत्नी के लापता होने से क्षुब्ध युवक ने खाया जहर, मौत

**वेलकम इंडिया**

**जहांगीराबाद।** नगर के मौहल्ला नई बस्ती में एक शादीशुदा युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के भाई सुरेन्द्र ने मृतक की पत्नी व उसके मायके पक्ष के लोगों को उसकी मौत का जिम्मेदार बताते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

जानकारी के मुताबिक मौहल्ला नई बस्ती निवासी सुरेन्द्र ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया है कि उसके भाई गजेंद्र पुत्र रामवीर की पत्नी नीलम ने अपने भैयाओं गेंदा, कंचन व छोटेलाल के साथ मिलकर मारपीट की थी और जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस घटना के बाद नीलम लापता हो गई। घटना के दो दिन बाद गजेंद्र ने स्थानीय पुलिस को अपनी पत्नी नीलम की गुमशुदगी की तहरीर सौंपी थी। पत्नी के लापता होने से क्षुब्ध गजेंद्र ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली।गजेन्द्र की ससुराल अनूपशहर के करनपुर गांव में है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी जहांगीराबाद रामपफल सिंह ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जाम से निजात हेतु गांधी रोड़ पर लगेगा स्थाई डिवाइडर,बोर्ड ने किया प्रस्ताव पास

**वेलकम इंडिया**



**खुर्जा।** जलकल विभाग के सभागार में बुधवार को खुर्जा नगर पालिका की स्वच्छता व अतिक्रमण विषयों को लेकर बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बोर्ड बैठक शुरू होने का समय 11 बजे निर्धारित किया गया था। इसमें 11 बजे तक तीन सभासद आए थे, जिसके बाद साढ़े 11 बजे तक नगर पालिका अध्यक्ष और कार्यवाहक ईओ व एसडीएम नहीं पहुंचे। ऐसे में वार्ड नंबर दो, सात, 13, 18, 24, 28 व 31 के सभासद उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर कर और प्रार्थना पत्र देकर बोर्ड बैठक से वापस आ गए। लगभग पौने 12 बजे नगर पालिका अध्यक्ष बोर्ड में पहुंची। इसके बाद एसडीएम की प्रतीक्षा की गई। दोपहर 12 बजे के बाद एसडीएम प्रतीक्षा पांडेय के पहुंचने के बाद बोर्ड बैठक शुरू की गई। इसमें सभी वार्ड सभासदों से उनके क्षेत्र की सफाई संब ?धित समस्याएं सुनी गई, जिसमें अधिकांश वार्ड सभासदों ने सफाईकर्मियों के भर्ती की मांग की। वहीं बाजारों में बढ़ते अतिक्रमण व जाम की समस्या को सामने रखा। वहीं, बोर्ड बैठक में जाम को देखते हुए गांधी रोड अस्थाई डिवाइडर हटाकर एक फुट ऊंचा स्थाई डिवाइडर बनाने का प्रस्ताव रखा गया।

# उधान अधिकारी ने सुझाया आम की फसल को थ्रिप्स एवं कैटरपिलर/कटर कीट से बचाना आवश्यक

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



दिनांक 23 अप्रैल 2025 प्रतापगढ़। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि जनपद के आम के गुणवत्तायुक्त उत्पादन के लिये सम-सामयिक महत्व के कीट एवं रोगों का उचित प्रबन्धन समय से किया जाना नितान्त आवश्यक है, बौर निकलने से लेकर फल लगने तक की अवस्था ही संवदेनशील होती है। वर्तमान में बागवानों को मुख्य रूप से थ्रिप्स (रूजी कीट) एवं कैटरपिलर/कटर कीट (ब्लैक इंच वर्म) कीट से पौधों को क्षति पहुँचने की सम्भावना रहती है। उन्होने थ्रिप्स के लक्षण के सम्बन्ध में बताया है कि आम के बागो में थ्रिप्स (रूजी कीट) का प्रकोप दिखायी देता है, ये छोटे कीट आम के पुष्पक्रम और नयी कोमल पत्तियों पर धब्बे एवं मुड़ने की समस्या को दशार्ता है, जिससे फल विकास में बाधा उत्पन्न होती है, समय पर नियंत्रण न करने पर फलों की गुणवत्ता प्रभावित होती है। थ्रिप्स के नियंत्रण हेतु यांत्रिक विधि से ब्ल्यू एवं येलो स्टिकी ट्रैप 20 से 25 ट्रैप प्रति हेक्टेयर की दर से लगाये, रसायनिक नियंत्रण हेतु फिप्रोनिल 05 प्रतिशत एस0सी0 या थियाक्लोप्रिड 21.7 प्रतिशत एस0सी0 0.5 मिली0/प्रति लीटर पानी में घोलकर करें, आवश्यकतानुसार 08 से 10 दिन के अन्तराल पर पुनः छिड़काव करें। उन्होने कैटरपिलर/कटर कीट (ब्लैक इंच वर्म) के लक्षण के सम्बन्ध में बताया है कि कैटरपिलर/कटर कीट आम उत्पादक/बागवानों के लिये गम्भीर खतरा है। यह कीट आम के साथ-साथ अमरूद एवं अन्य फल वृक्षों में नवीन कल्ले/पत्तियों एवं फलों को खाकर अपना जीवन चक्र पूर्ण करता है।

कभी-कभी प्रारंभिक अवस्था के फलों को डण्ठल सहित काटकर भूमि पर गिरा देता है जिससे आम उत्पादक/बागवानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है

# तीन झपटमारों की गिरफ्तारी के साथ, थाना सोनिया विहार की टीम ने कुछ ही घंटों में झपटमारी की घटना को सुलझाया

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्लीः** थाना सोनिया विहार में एक झपटमारी की घटना की सूचना प्राप्त हुई, जिसमें शिकायतकर्ता सुखराम पुत्र बरोनी, निवासी सभा पुर, सोनिया विहार, दिल्ली, उम्र - 33 वर्ष, ने बताया कि वह सभा पुर में एक गोदाम में काम करता है। दिनांक 21.04.25 को रात लगभग 10:00 बजे जब वह ड्यूटी पर जा रहा था, तभी 'टोल टैक्स बैरियर' की ओर से तीन लोग मोटरसाइकिल पर आए, शिकायतकर्ता को रास्ते में रोककर उसका मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। इस संबंध में थाना सोनिया विहार में धारा 304(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता (इठर) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान निरीक्षक संजय प्रकाश भट्ट, थानाध्यक्ष सोनिया विहार के नेतृत्व में लठउ२ आदेश, कमल, उ३. मिलन और उ३. विकास की एक पुलिस टीम का गठन किया गया। श्री विजयपाल सिंह तोमर, अउढ/खजूरी खास के मार्गदर्शन में टीम ने सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय स्त्रोतों से सुराग इकट्ठा किए और एकत्रित सुरागों के आधार पर तीन संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान निम्नलिखित रूप में हुईः1. बॉबी पुत्र भीषम निवासी सूर्य विहार, वेस्ट करावल नगर, दिल्ली, उम्र - 27 वर्ष, 2. दुर्गेश पुत्र निरंजन निवासी ब्रिज पुरी, गोकुल पुरी, दिल्ली, उम्र - 20 वर्ष,

3. शुभम गुप्ता पुत्र विपिन गुप्ता निवासी सूर्य विहार, वेस्ट करावल नगर, दिल्ली, उम्र - 20 वर्ष।

# विश्व पुस्तक दिवस पर हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर**,गोविन्द मेहता,विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर बुधवार को तहसील प्रांगण में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों, विशेष रूप से युवा वर्ग में पुस्तकों के महत्व के साथ-साथ लोकतांत्रिक दायित्वों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी आशीष भटगाईं की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की थीम ह्यपुस्तकों से ज्ञान, ज्ञान से मतदानह्न रही। विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें मतदान की प्रक्रिया एवं इसके महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना आवश्यक है। सोशल मीडिया के इस युग में भी पुस्तकों का महत्व बना हुआ है, क्योंकि वे व्यक्तित्व विकास का आधार हैं।इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता एवं क्विज का आयोजन भी किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने मतदान से संबंधित विषयों पर अपनी रचनात्मकता एवं ज्ञान का परिचय दिया। कार्यक्रम में कवि एवं साहित्यकार गोपाल बोरा, मोहन जोशी, केशवआनंद जोशी, युवा मतदाता हर्षिता जोशी एवं दीपांशु पांडे ने अपने विचार साझा किए। उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ किरण उपाध्ययाय को सम्मानित किया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित जनसमूह को मतदान की शपथ दिलाई और सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए जन-सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी मोनिका, सहायक निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र प्रसाद देवली, कैलाश प्रकाश चंदोला, राजीव जोशी, उमेश जोशी, ललित जोशी, संजय शाह जगाती, आलोक पांडे सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हज आजमीनों का टीकाकरण कैंप लगा

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर**। हज यात्रियों के लिए सिद्धार्थनगर जिले में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा बुधवार को हज यात्रियों के लिए टीकाकरण कैंप आयोजित किया गया। जिसमें जिले मे कुल सात टीका कैम्प केंद्र बनाये गये। हज आजमीनों के टीकाकरण के लिए एक कैंप केंद्र नगरपालिका सिद्धार्थनगर शहर के खजुरिया रोड़ स्थित ब्रदर स्कूल पर लगा। बुधवार को टीकाकरण हज यात्रियों मे पन्द्रह महिला व पन्द्रह पुरुषों को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीका लगाया गया। डाक्टर दीपक ने बताया ब्रदर स्कूल के टीका कैम्प में लगभग 30 हज आजमीनों का टीकाकरण किया गया।हज टेनर असलम खान ने हज यात्रियों के लिए टीका कैम्प केन्द्र पर जलपान की व्यवस्था की।हज यात्रियों ने हज टेनर और स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया। टीकाकरण कैम्प में डाक्टर दीपक, हज टेनर असलम खान,शिवांगी, निलिमा, राधा मौजूद रहीं।

# नगर पालिका बांसी की बोर्ड की बैठक मे सभासदों ने किया हंगामा

वेलकम इंडिया




**बांसी/सिद्धार्थनगर**। नगर पालिका परिषद बांसी के सभागार में बुधवार को अध्यक्ष चमन आरा राईनी की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई।

इसमें अध्यक्ष द्वारा कस्बे के राप्ती नगर वार्ड स्थित रामलीला मैदान बाजार जदीद की जमीन पर अतिक्रमण मुक्त होने के बाद नगर पालिका की ओर से चारों तरफ बाउंड्री वॉल करने के साथ वहां दुकान एवं मकान बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव का अधिकतर सभासदों ने विरोध किया। नाराज सभासद विरोध प्रस्ताव दर्ज कराने की मांग करने लगे और नगर पालिका भवन के मेन गेट पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। मामला बढ़ता देख नगर पालिका के बाबू अमरेंद्र कुमार ने सभासदों का विरोध प्रस्ताव दर्ज कर लिया। साथ ही साथ नगर पालिका बांसी के सीमा विस्तार का भी प्रस्ताव दर्ज किया गया। इसके बाद सभासदों की मांगें पूरी होने पर सभासदों ने हंगामा खत्म कर दिया। इस दौरान सभासद राप्ती नगर आशा यादव, गीता, प्रतिमा वर्मा, सरिता, रवि कुमार अग्रहरि, मीना, परमात्मा, अमरनाथ, पप्पू मौर्य, श्याम बाबू, ध्रुव चंद्र, सत्यनारायण मौर्य, सभासद सहित हरगोविंद साहू, रूपेश महाजन, शंभू कश्यप, कुबेर बारी, अनुपमा सिंह दुबे, बजरंगी वर्मा, अंगद वर्मा, प्रमोद कुमार हिंदू, राकेश अग्रहरी, शुभम वर्मा, बिट्टू, निलेश आदि मौजूद रहे।

# पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए होटल एसोसिएशन ने की शोक सभा

वेलकम इंडिया



**कौसानी**, पूरन दोसाद, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए पर्यटकों के प्रति शोक संवेदना और उनके परिवारजनों को इस दुख की घड़ी में साथ देने के लिए पूरा देश कायर आतंकियों की इस नापाक हरकत से देश भर में आक्रोश है।वही आतंकियों द्वारा कलमा पड़ने के नाम पर धर्म विशेष आधारित जेहादियों द्वारा पर्यटकों को अपना निशाना बनाने का होटल एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया है।वही पर्यटकों के साथ हुई इस घटना पर आक्रोश जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शीघ्र आतंकियों और घटना के मुख्य मास्टरमाइंड को भारतीय सेना के माध्यम से कड़ा जबाब देने और आतंकियों को भेजने वाले और आतंकियों के पनाहगार पाकिस्तान कोभी कड़ा जबाब देने की अपील की है। होटल एसोशियसन द्वारा अनासक्ति आश्रम में एकत्रित होकर घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए शोक प्रकट कर इस घटना की घोर निंदा की गई।और ऐसे जेहादियों को जल्द से जल्द मारने की अपील की गई।कहा कि ऐसी घटना को कभी माफ नही किया जा सकता है। इस मौके पर अध्यक्ष बबलू नेगी भैरव दत्त जोशी विपिन उप्रेती पुरन दोसाद सतीश जोशी नीरज खत्री नंदन किरमोलिया पंकज महारा अमर बिष्ट,सदानंद सचिन जोशी और कौसानी आए पर्यटक मौजूद थे।

# कोंग्रेसियों ने पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की



वेलकम इंडिया

**मथुरा**। मथुरा जिला किसान कांग्रेस के द्वारा जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत के नेतृत्व में पहलगाम जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी व उनकी आत्मा की शांति के लिए यमुना में दीपदान जिला किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत के नेतृत्व में किया गया जिसमें किसान कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकताओं व जिले के वरिष्ठ कांग्रेसीजन शामिल हुए जिसमें मृतकों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा यमुना में दीपदान गोकुल घाट मथुरा में किया गया तथा ईश्वर से यह कामना की गई कि ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करें तथा उनके पारिवारिक जनों को हिम्मत दे तथा देश में भविष्य में ऐसी कोई भी आतंकी घटना ना हो मृतकों को किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जैसावत के द्वारा श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यह एक ऐसी घटना है ।

# सास,बहू ने लगाया पड़ोसियों पर मारपीट करने का आरोप

**कांधला**। थाना क्षेत्र की बिजली घर बस्ती निवासी एक महिला ने पड़ोस के आधा दर्जन से अधिक लोगों पर घर में घुसकर लाठी–डंडों से मारपीट कर पीड़िता सहित उसकी पुत्रवधू को घायल करने का आरोप लगाया है पीड़ित महिला ने आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।थाना क्षेत्र की बिजली घर नई बस्ती निवासी महिला जरीफा ने बताया कि पड़ोस का ही समीम पीड़िता व उसके परिवार से रंजिश रखता है देर रात्रि वह अपनी पुत्रवधू शबाना के साथ घर पर बैठी हुई थी। आरोप है रंजिश के चलते आरोपी अपने आधा दर्जन से अधिक परिवार के लोगों के साथ पीड़ित के घर में घुस गया और लाठी–डंडों से हमला करते हुए उनके साथ जमकर मारपीट की शोर–शराबा होने पर आरोपी दोनों को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। । घायल सास,बहू ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण घायल

**कांधला**। थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार ग्रामीण को टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव से जसाला निवासी मनोज पुत्र रामकिशन अपनी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बे में आया हुआ था। ग्रामीण अपना कार्य समाप्त करने के बाद वापस अपने गांव लौट रहा था जैसे ही बाइक सवार थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों मे गेहूं के खेत में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

वेलकम इंडिया



**जोगिया/सिद्धार्थनगर**। जोगिया कोतवाली क्षेत्र के तुरकौलिया गांव के सिवान में गेहूं के खेत में बुधवार की सुबह एक युवक की लाश मिली। उसके चेहरे और शरीर के अन्य हिस्से में चोट का निशान मिला है।इस मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करके शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक खेसरसा थाना क्षेत्र के रहने वाला है। मौत की जानकारी के बाद परिवार के लोगों का रो- रोकर बुरा हाल है। वहीं, मामले की जांच में जुटी पुलिस कुछ संदिग्धों को उठा चुकी है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ रहा है। हालांकि, यह पुख्ता नहीं है। पुलिस की जांच में पूरे मामले का सच सामने आएगा।

जोगिया कोतवाली क्षेत्र के तुरकौलिया गांव के सिवान में गेहूं के खेत में कुछ लोगों ने एक युवक की लाश देखी। उसके चेहरे पर आंख के पास चोट के निशान मिले हैं। वहीं, उसकी पैंट निकली हुआ थी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इसके बाद किसी ने जानकारी जोगिया पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही एसओ जोगिया अनूप कुमार मिश्र टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। तलाशी मृतक की जेब से पुलिस ने पड़ताल करते समय आधार आईडी मिलने पर उसके निवास की जानकारी मिली। उसकी की पहचान खेसरहा थाना क्षेत्र के गुलरिहा गांव निवासी सलाहुद्दीन (24) के रूप में हुई। परिवार के लोगों के मुताबिक वह मंगलवार की रात बाइक से गांव के एक युवक के साथ कहीं गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा, जबकि साथ में गया युवक लौट आया। पुलिस के जरिए परिवार के लोगों को जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचे। परिवार की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने साथ लेकर जाने वाले शमीम और अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जाता है कि सलाहुद्दीन चार भाइयों में सबसे बड़ा था। वह पिता सहाबुद्दीन के साथ मुंबई में मजदूरी करता था। घर पर चाचा के लड़की की शादी थी। इसी में वह 16 अप्रैल को आया था।

# पहलगाम हमले के मृतको को कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**कांधला**। नगर एवं क्षेत्र के कई स्थानों पर कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृतकों व घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान सैकड़ो लोगों ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए रोष प्रकट किया स्कूल कॉलेज में भी छात्र-छात्राओं के द्वारा कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी गई।इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर धर्म पूछ कर आतंकी हमले से आमजन में गम और आक्रोष का माहौल बना हुआ है। आतंकी हमले के दौरान निर्दोष लोगों की मौत से नगर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। बुधवार को नगर के जैन स्थानक पर सैकड़ो की संख्या में सभी समाज के लोगों ने पहलगाम हमले को लेकर कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। जैन स्थानक के समीप पहलगाम हमले में मारे गए सभी मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद सैकड़ो की संख्या में लोगों ने नम आंखों से कैंडल मार्च निकाला। नगर एवं क्षेत्र के स्कूल, कॉलेजों में कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम भेजे गए पत्र में पहलगाम के हमलावारों के विरुद्ध व्यापक स्तर पर कार्रवाई कर मृतको को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने की मांग की। समाजसेवी नावेद जंग ने आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि जघन्य हत्याकांड के सभी दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। मर्तकों के परिवार को एक-एक करोड रुपए की सहायता राशि एवं घायलों को 50 लाख का मुआवजा दिया जाए। पूर्व पालिका अध्यक्ष हाजी वाजिद हसन ने संवेदना प्रकट करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पहलगाम घटना को लेकर सभी ने अपना रोष प्रकट किया। इस दौरान नगर एवं क्षेत्र में पहलगाम घटना को लेकर कैंडल मार्च निकालते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

# महिला शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बीईओ से की शिष्टाचार भेंट

वेलकम इंडिया




**टाण्डा**। बुधवार को उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने खंड शिक्षा अधिकारी भगतपुर टाण्डा मनोज कुमार बोस से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अभिलाषा सक्सेना ने संगठन की सभी पदाधिकारियों परिचय कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने बीईओ को शिक्षिकाओं की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। बीईओ मनोज कुमार बोस ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का पूर्ण आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक-शिक्षिकाओं की सभी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और कोई भी शिक्षक अपनी समस्या लेकर कभी भी उनसे संपर्क कर सकता है। बीईओ ने संघ पदाधिकारियों से विद्यालय के समस्त कार्य समयबद्ध रूप से संपन्न कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने और शिक्षण में नवीन तकनीकों व विधियों को अपनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर अभिलाषा सक्सेना, निधु देयोल, शाजिया अहसन, इंद्रेश कुमारी, शीबा निसार, रुचि कश्यप, चारु यादव, सुनीता रानी, नूतन चौहान और हेमलता आर्य सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

# समयावधि के बाद भी खुली शराब की दुकान, बिक्री करते वीडियो को वायरल

वेलकम इंडिया

**कांधला**। कस्बे के दिल्ली सहारनपुर हाइवे स्थित अंग्रेजी शराब की मॉडल शॉप पर रात्रि में बिक्री के लिए निर्धारित समय के बाद शराब बेचने का एक वीडियो और संदेश सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है,जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शराब की दुकान खोलने का समय सुबह दस बजे और बंद करने का समय रात्रि दस बजे निश्चित किया गया है। शराब बिक्री की निर्धारित समयावधि के लिए विभागीय अधिकारी भी समय समय पर औचक निरीक्षण करते रहते है। कस्बे के दिल्ली सहारनपुर हाइवे स्थित मॉडल शॉप की एक वीडियो लिखित संदेश सहित जमकर वायरल हो रही है। वायरल वीडियो के अनुसार कस्बे के दिल्ली सहारनपुर हाइवे स्थित अंग्रेजी शराब की मॉडल शॉप संचालक ने उत्तर प्रदेश सरकार और विभागीय अधिकारियों के निदेर्शों को ताक पर रखकर शराब बिक्री की निर्धारित समयावधि के बाद दूसरे दरवाजे से शराब बिक्री की जा रही है। उक्त वीडियो में शराब की दुकान की दुकान के बराबर में बने दरवाजे पर कुछ लोग खड़े हुए है और दरवाजे के दूसरी ओर से उनके हाथों में कुछ समान थमा दिया जाता है और वहां से हाथों में लेकर जाते दिखाई दे रहे है। उक्त वीडियो ने शराब की दुकान संचालक की पोल खोल कर रख दी है। दुकान संचालक ने अपने मुनाफे के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शों को ठेंगा दिखा दिया है।

## पुलिस ने ऑपरेशन जागृति फेज-4.0 में महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए

# कानूनों के दुरूपयोग व फॉल्स केसेस, घरेलू हिंसा और युवाओं में नशे के दुष्परिणामों से बचाव हेतु किया जागरूक

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद, परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ‟ऑपरेशन जागृति” फेज-04 के क्रम मे समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं समस्त थानों की एन्टी रोमियो टीम-महिला बीट आरक्षियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल-कॉलेज एवं अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित छात्राओं-बालिकाओं व स्कूल स्टॉफ को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यो के बारे में जानकारी देते हुये सुरक्षा सम्बंधी उपायों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित कल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधो से बचाव हेतु किया जागरुक किया गया । इस दौरान उपस्थित छात्राओं-बालिकाओं एवं स्कूल स्टॉफ को ऑपरेशन जागृति फेज-04 अभियान के मुख्य उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया ।कार्यक्रम के दौरान अधिकारीगण द्वारा महिलाओ-बालिकाओ के साथ घटित अपराधो से बचाव के उपाय के सम्बन्ध में अवगत कराते हुये उनकी रोकथाम व कानूनी प्रक्रिया के तहत विधिक प्रावधान तथा विषम परिस्थितियो में सहायता प्राप्त किये जाने के लिये महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे- यू0पी0-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बूलेन्स सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही महिलाओं-बालिकाओं को सभी सुरक्षा सम्बन्धी सेवाऐ-एप्लीकेशन आदि के बारे में जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया ।महिलाओं/बालिकाओं को बताया गया कि आस पड़ोस में या स्वंय के साथ होने वाले अपराध या अपराध की संभावना होने पर संकोच किये बिना निडर होकर अपनी बात पुलिस तक पहुंचाए । कार्यक्रम के दौरान अधिकारीगण द्वारा बताया गया कि नाबालिग उम्र में बालिकायें लव अफेयर, पलायन, लिव इन रिलेशनशिप जैसे मामलों में फँस जाती हैं और किन्ही कारणों से उनको समझौता करना पड़ता है कई बार बालिकायें अपनी सहमति से भी बिना सोचे समझे चली जाती है।

# झोपड़ी में आग लगने से मासूम बच्ची की जलकर मौत, गेहूं की फसल भी हुई राख

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें दो झोपड़ियों में अचानक आग लग गई।इस हादसे में दिलशाद की चार साल की बेटी अलिस्मा की झुलसकर मौत हो गई। आग की लपटों में घर का सारा सामान और आसपास की गेहूं की फसल भी जलकर राख हो गई।जानकारी के अनुसार बहेड़ी थाना क्षेत्र के उतरसिया महोलिया गांव निवासी दिलशाद अपने परिवार के साथ गांव के बाहरी हिस्से में झोपड़ीनुमा मकान में रहते हैं। बुधवार दोपहर लगभग एक बजे उनकी पत्नी खाना पका रही थी, जबकि अलिस्मा झोपड़ी के अंदर सो रही थी।इसी दौरान झोपड़ी में आग लग गई। दिलशाद की पत्नी किसी तरह बाहर निकल आई, लेकिन अलिस्मा को बचाया नहीं जा सका।आग इतनी तेजी से फैली कि दूसरी झोपड़ी और पास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया।घटना के बाद गांव में अफरातफरी मच गई।घटना की जानकारी मिलते ही बहेड़ी की एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, तहसीलदार भानु प्रताप और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और ग्रामीणों से जानकारी ली। एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि छप्पर की दो झोपड़ियों में आग से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दी जाएगी। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी और खुद भी आग बुझाने में जुट गए। थोड़ी देर में दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बरेली भेज दिया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। गांव में मातम पसरा है और परिवार गहरे सदमे में है।

## कश्मीर में मदरसे बंद करे भारत सरकार : दिनेश फलाहारी



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्म भूमि मंदिर मस्जिद के केस के मुख्य पक्षकार दिनेश फलाहारी ने बयान दिया है कि कश्मीर से मदरसों को बंद कर देना चाहिए, क्योंकि कश्मीर में मदरसों में आतंकवादी शरण लेते हैं, मौलवी इनको छुपा देते हैं, वहां पर सभी मौलवियों की संपत्ति की जांच होनी चाहिए और जितने भी मुस्लिम कट्टरपंथी नेता है उनकी संपत्ति की भी जांच होनी चाहिए, यह लोग आतंकवादियों से मिले हुए हैं और उनसे धन के लोग में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिलवाते हैं। भारत सरकार को सभी मदरसे बंद कर देना चाहिए, उन्होंने कहा कि आतंकवादी पाकिस्तान से आते हैं लेकिन कहां रुकते हैं, कहां ठहरते हैं, इन सभी पहलुओं की जांच होनी चाहिए, जब तक हिंदुस्तान में छुपे गद्दार मुस्लिम कट्टर पंथी नहीं मारे जाएंगे तब तक बाहर के आतंकवादी इस प्रकार घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है हिंदुस्तान में छुपे गद्दारों को चुन चुन कर मारा जाए, फलाहारी बाबा ने कहा कि अब कहां मर गए वह भाईचारा निभाने वाले, अब क्यों नहीं बोल रहे सेकुलर का दुहाई देने वाले, भाईचारा निभाने वाले कट्टरपंथी मुस्लिम अपने घर की बहन बेटियों को अपनी बहन नहीं मानते तो हम लोगों को क्या बहन और भाई मानेंगे. भारत सरकार ने हजारों करोड़ों रुपए देकर राफेल खरीदे हैं।

# डॉ अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा सप्ताह के तहत शिक्षकों का सम्मान किया गया



वेलकम इंडिया

**बड़ागांव (झांसी)-** डॉ बी आर अम्बेडकर समिति बड़ागांव के तत्वावधान में डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा सप्ताह कार्यक्रम के तहत समिति के पदाधिकारियों ने श्री कृष्ण आदर्श इंटर कालेज बड़ागांव में जाकर सभी शिक्षकों से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए अभिवादन कर सम्मान किया गया।सबसे पहले समिति के पदाधिकारी संरक्षक- मनोहर लाल ऊफड, कैलाश नारायण संग्रह अमीन, अध्यक्ष - कमलेश कुमार चौधरी द्वारा कालेज के प्रधानाचार्य जी श्री राम कुमार वर्मा जी को पंचशील धम्म पट्टिका तथा बाबा साहब का स्मृति चिन्ह भेंट प्रदान कर और सभी शिक्षकों व स्टाफ को पंचशील धम्म पट्टिका पहनाकर सभी का अभिवादन करते हुए सम्मानित किया गया। तथा पंचशील ध्वज धम्म पट्टिका के महत्व के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर शिक्षकगण श्री संजीव वर्मा जी, राकेश कुमार रावत जी, अवधेश कुमार जी, रामप्रसाद आर्या जी, विशाल सेन जी, अनिल कुमार यादव जी, बृज गोपाल शर्मा जी, विजय प्रताप जी, हेमलता गुप्ता जी, मुदित गुप्ता जी, बृजेश कुमार पाल जी, घमंडी लाल यादव जी पूर्व अध्यापक, विनोद कुमार सागर जी, व राजीव कुमार श्रीवास, कालीचरण, संतोष कुमार, संदेश पटैरिया, आदि उपस्थित रहे। बाद में समिति सचिव मेहरबान सिंह ने समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।

## राजकीय जिला पुस्तकालय से हुई चोरी में एक चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की विन्डो एसी, केबल, राउटर बरामद



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस।** अवगत कराना है कि बुधवार को ममता उपाध्याय निवासी राजकीय जिला पुस्तकालय रमनपुर थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस द्वारा थाना हाथरस गेट पर सूचना दी कि दिनांक 21 अप्रैल को अज्ञात चोरो द्वारा रात्रि को राजकीय जिला पुस्तकालय से इण्टरनेट केबल, राउटर व एक विन्डो एसी चोरी कर ली है। जिसके सम्बन्ध में वादिया की प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना हाथरस गेट पर सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटन का सफल अनावरण करने व घटना कारित करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना हाथरस गेट को निर्देशित किया गया थो जिसके क्रम में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक एसी चोर को बीएसए आफिस के पास रमनपुर से गिरफ्तार किया गया । जिसके कब्जे से चोरी की एक इन्टरनेट केबिल, एक राउटर, व एक विन्डो एसी बरामद हुई है । पुलिस ने अभियुक्त गोविन्दा पुत्र गुरेन्द्रपाल सिंह निवासी बीएसए आफिस के पास रमनपुर थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## आपूर्ति विभाग भ्रष्टाचार में लिप्तः राजपाल सिंह



वेलकम इंडिया

**मथुरा/मांट।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन/महात्मा टिकैत/ की बैठक तहसील परिसर में हुई जिसमें किसानों की समस्याओं पर मंथन किया गया जिसमें सबसे ज्यादा शिकायत आपूर्ति विभाग और लेखपालों से संबंधित थी भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिला प्रवक्ता राजपाल सिंह ने किसानों की समस्याओं को सुना और कहा कि तहसील में आपूर्ति विभाग भ्रष्टाचार में लिप्त है जहां राशन कार्ड धारकों को परेशान किया जा रहा है और बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नहीं किया जा रहा है ऐसा लगता है कि आपूर्ति विभाग राजनीति के दबाव में काम कर रहा है उन्होंने जिक्र करते हुए कहा कि प्रेमनगर बिजौली में एक तरफा राशन डीलर नियुक्त किया है जो कानून के अनुसार नहीं किया है वहीं शल्ल में भी ऐसा मामला देखने को मिला है इस भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जाएगा वहीं प्रेमनगर , बिजौली,व शल्ल के लोगों द्वारा अपनी बात कही इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष द्वारा लेखपाल और कानून गो पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता ने सभी समस्याओं का निस्तारण करने की बात कही इस अवसर पर दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बरेली की सड़कों पर जलाया गया पाकिस्तान का पुतला, चारों तरफ गूंज उठे पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** जिले में प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका और पकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए।इसके बाद कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। संगठन के महामंत्री दुर्गेश गुप्ता ने कहा कि पहलगाम में हुआ हमला बेहद कायराना और अमानवीय है।जिस तरह से टूरिस्टों से धर्म पूछ कर उन्हें मौत के घाट उतारा गया, वह न केवल इंसानियत के खिलाफ है बल्कि देश की एकता पर भी हमला है। उन्होंने कहा कि ऐसे हमलों को अंजाम देने वाले आतंकी संगठनों और उन्हें समर्थन देने वाले देशों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। गुप्ता ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति को और प्रभावशाली तरीके से लागू करे और देश की आंतरिक सुरक्षा को और मजबूत बनाए। उन्होंने कहा कि जब तक आतंकवाद को समर्थन देने वाले देशों को मुंहतोड़ जवाब नहीं मिलेगा, तब तक इस तरह की घटनाएं रुकेंगी नहीं। आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम हिल स्टेशन पर मंगलवार को हुए आतंकी हमले में दो विदेशी नागरिकों समेत कम से कम 26 पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों में स्थानीय निवासी भी शामिल हैं। मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

## भारतीय किसान यूनियन सुनील ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी लक्ष्मण सिंह पर हुए जानलेवा हमले में एक हफ्ते में गिरफ्तारी न होने पर एवं नेनु पट्टी के गांव डोमपुरा में जल भराव की समस्या को लेकर एसडीम महोदय गोवर्धन को भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकताओं ने ज्ञापन दिया जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव चौधरी लक्ष्मण सिंह राष्ट्रीय महासचिव बबलू चौधरी योगेश चौधरी राजू चौधरी कलुआ चौधरी लाल चतुवेर्दी नंदकिशोर नंदकिशोर विजय सिंह फूल सिंह महेश जयप्रकाश नंदू सतीश लेखराज सिंह मुकेश मिस्त्री आदि किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पश्चिम बंगाल में आतंकवादी कर रहे हैं हिन्दुओं पर अत्याचार, मुसलमान नहीं: आचार्य प्रमोद कृष्णम

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं पर अत्याचार मुसलमान नहीं कर रहे हैं, बल्कि दहशतगर्द आतंकवादी कर रहे हैं। साथ ही पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश बनाने की साजिश भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल के नेता अपने को सेकुलर सिद्ध करना चाहते हैं, लेकिन सच बात यह है कि वह कम्युलिज्म को बढ़ावा दे रहे हैं। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम बरेली क्लब में पुलिस महानिरीक्षक डा राकेश सिंह की बेटी की शादी में शामिल होने आये थे। पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं पर अत्याचार की चर्चा करते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि इस मामले के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री खुद ही दोषी हैं। बांग्लादेश भी एक दिन भारत का हिस्सा था, अब कुछ लोग पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाहते हैं। हिन्दुओं पर अत्याचार के लिए खुद मुख्यमंत्री दोषी हैं। यह एक बहुत गहरी साजिश है सनातन धर्म के खिलाफ, और जो लोग अभी इस राजनीतिक स्वार्थ के लिए पट्टी बंधे हुए हैं, यह देश के लोकतंत्र का दुर्भाग्य है कि कुछ राजनीतिक दल अपने निजी स्वार्थ के लिए ठीक उसी तरह इसको बर्दाश्त कर रहे हैं, जिस तरह जिन्ना को बर्दाश्त किया गया था। भारत पाकिस्तान लाहौर, रावल पिंडी और इस्लामाबाद और ढाका भारत के ही थे, लेकिन भारत के टुकड़े हुए, अगर वेस्ट बंगाल में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर भारत सरकार ने सख्त कदम नहीं उठाया तो वेस्ट बंगाल में भी वही हालत तैयार हो जाएंगे जो 1947 में थे। यह बहुत गंभीर खतरा है, मुर्शिदाबाद हो मालदा हो यह हिंदुस्तान की धरती है और हिंदुस्तान से हिंदुओं का पलायन हिंदुस्तान की धरती पर हिंदू की हत्या हिंदुओं के घरों को जलाना, यह बहुत दुःखद है और यह दुर्भाग्यपूर्ण बात भी है।कुछ राजनीतिक नेता तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं वह अपने स्वार्थ में अंधे हो गए हैं, उन्हें हिंदुओं की हत्याएं दिखाई नहीं दे रही है।

# अंडर 20 नेशनल फुटबॉल कैंप में झांसी के दो खिलाड़ियों चयन किया गया

वेलकम इंडिया



**झांसी!** फुटबॉल फेडरेशन के सचिव वाहिद खान ने बताया है अंडर 20 नेशनल फुटबॉल कैंप में झांसी के दो खिलाड़ियों पुष्कर वर्मा और तुषार गुरुंग का चयन किया गया ।इन खिलाड़ियों का चयन झांसी मंडल की टीम में शानदार प्रदर्शन करने पर किया गया है ।दोनों खिलाड़ी कैंट क्लब से खेलते हैं कोच देवेंद्र सिंह के द्वारा इन खिलाड़ियों को कोचिंग दी गई । दोनों खिलाड़ियों का चयन कानपुर में आयोजित की गई अंडर २० बॉयस स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप के द्वारा किया गया । यह दोनों खिलाड़ी 24 /04/2025 को आगरा के एकलव्य स्टेडियम में कैंप अटेंड करेंगे ।झाँसी फुटबॉल फेडरेशन सचिव वहीद खान , अध्यक्ष जस्टिन सिंह, संरक्षक डॉक्टर तनवीर अहमद , अतीक अंसारी , मातादीन यादव , रईस खान, अफरोज अहमद ,विनोद यादव ,सलीम अख़्तर, शेख रफीक पंकज रजक गगन कुमार पवन कुमार नितिन देव आदि ने जूनियर रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान पर बच्चों का सम्मान किया और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# थाना हाथरस गेट पुलिस एवं एसओजी टीम ने यौन शोषण तथा वायरल अश्लील वीडियो-फोटो के मुकदमे में आरोपी प्राचार्य महावीर सिंह छोंकर गिरफ्ता

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** वगत कराना है कि दिनांक 13 मार्च 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस पर एक पीडित छात्रा का छदम नाम से शिकायती प्रार्थना पत्र मय आडियो-वीडियो सीडी संलग्न सहित प्राप्त हुआ। जिसकी जाँच से पाया गया कि पीसी बागला डिग्री कालेज हाथरस मे नियुक्त भूगोल प्रवक्ता रजनीश कुमार द्वारा कालेज की अनेकों छात्राओं के साथ कालेज एवं अपने घ? पर उनका यौन शोषण करते हुए शारीरिक दुष्कर्म किया गया है जिसके फोटो वीडियो स्वयं आरोपी प्रवक्ता रजनीश कुमार द्वारा अपने मोबाइल फोन एवं लैपटाप से बनाकर छात्राओं का निरंतर यौन शोषण किया गया है। उक्त संबंध में थाना हाथरस गेट पर नियुक्त उप-निरीक्षक सुनील कुमार, चौकी इंचार्ज आद्यौगिक क्षेत्र के द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक, अशोक कुमार सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण के नेतृत्व में टेक्निकल एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस से सुसज्जित तीन टीमों का गठन कर सुसंगत साक्ष्य एकत्र कर अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। टीमो द्वारा लगातार संभावित स्थानो पर अभियुक्त की तलाश की गयी। पुलिस ने अभियुक्त रजनीश कुमार उपरोक्त को दिनांक 19 मार्च की रात्रि में जनपद प्रयागराज के सुभाष चौक थाना क्षेत्र सिविल लाइन से तब गिरफ्तार किया गया था। उक्त अभियोग में पुलिस टीमो द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुये साक्ष्यो के आधार पर यह तथ्य संज्ञान में आये कि सेठ बागला कालेज की पीडिताओं द्वारा अपने साथ किये गये यौन शोषण-अश्लील हरकतो की शिकायत जब प्राचार्य महावीर सिंह छोंकर की गयी तो इनके द्वारा धमकाते हुये कहा गया कि तुम बेवजह कॉलेज की बदनामी कराना चाहती हो यदि तुमने शिकायत किया तो तुम्हारा कैरियर बर्बाद हो जायेगा। यह कहते हुये प्राचार्य महावीर सिंह छोंकर ने पीडिताओं को अपने ऑफिस से डॉटकर भगा दिया। प्राचार्य द्वारा उक्त यौन शोषण और सम्बन्धित वीडियोज की जानकारी होने के बाद भी पहले तो कोई कार्यवाही नही की गयी और आरोपी प्रोफेसर रजनीश कुमार को बढावा दिया जाता रहा। वर्ष 2023 में प्रार्थना पत्र के माध्यम से जब यह बात प्रकाश में आई तो इनके द्वारा यौन उत्पीडन को रोकने के लिये बनाये गये यूजीसी के नियमो और विनियमो की अहवेलना करते हुये जानबूझकर जांच समिति का अध्यक्ष आरोपी रजनीश कुमार के विभाग के ही आरोपी रजनीश कुमार से जूनियर प्रवक्ता को जांच समिति का अध्यक्ष बनाया गया। ताकि आरोपी रजनीश कुमार के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही न की जा सके। पीडिताओं के यौन शोषण की जानकारी होने के बावजूद इनके द्वारा आरोपी प्रोफेसर को चीफ प्रॉक्टर बनाया गया ताकि आरोपी रजनीश कुमार बच्चियों पर मानसिक दबाव बनाकर उनका यौन उत्पीडन करता रहे और पीडिताओं द्वारा कोई शिकायत किसी सक्षम प्राधिकारी से न की जा सके। इस प्रकार आरोपी प्राचार्य ने न केवल पीडिताओं के यौन उत्पीडन और उनके वीडियो बनाने की बात को अपने पद व प्रभाव का इस्तेमाल कर जानबूझकर छिपाया बल्कि आरोपी रजनीश कुमार को जांच समिति से बरी कराने के लिये यूजीसी के मानको का उल्लंघन करते हुये जांच समिति का गठन किया और आरोपी रजनीश कुमार द्वारा पीडिताओं का यौन उत्पीडन होता रहे और वह कही शिकायत न कर पाये इसलिये उसको विद्यालय की अनुशासन समिति का अध्यक्ष भी बनाया गया। पुलिस टीमो के साक्ष्यो के आधार पर आरोपी प्राचार्य महावीर सिंह छोंकर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने महावीर सिहं छोंकर पुत्र स्व0 रुपचन्द्र निवासी मकान नम्बर 7 अवधपुरी थाना हाइवेज जनपद मथुरा को जेल भेजा है।

# मानवीय जीवन के बहुमूल्य सूत्रों और सिद्धांतों की संहिता है श्रीमद्भागवत : भागवत विदुषी कीर्ति किशोरी

**वेलकम इंडिया**



**हरिद्वार/मथुरा।** ओल्ड ऋषिकेश रोड/भूपतवाला स्थित अग्रवाल भवन में इन दिनों श्रीकृष्ण कीर्ति फाउंडेशन एवं श्रीराधा माधव सेवा समिति, वृन्दावन के संयुक्त तत्वावधान में सप्त दिवसीय अष्टोत्तरशत (108) श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ चल रहा है।जिसमें व्यासपीठ पर आसीन प्रख्यात भागवत विदुषी कीर्ति किशोरी अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा प्रातः 09 से मध्याह्न 12 बजे तक देश-विदेश से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथा का रसास्वादन करा रही हैं।इसके अलावा चिरंजीव मयूर कृष्ण महाराज (प्रभुजी) सायं 06 से रात्रि 08 बजे तक भगवत चरितामृतं ₹प्रेम कथा₹ श्रवण करा रहे हैं। व्यापीठ से भागवत विदुषी कीर्ति किशोरी ने समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को सदगुरुदेव की महिमा बताते हुए कहा कि सदगुरु का आश्रय लिए बिना प्रभु की भक्ति मिलना संभव नहीं है।जिस प्रकार नदी पार करने के लिए नौका की आवश्यकता होती है,उसी प्रकार भवसागर पार करने के लिए एवं प्रभु भक्ति पाने के लिए हमें सदगुरु की परम आवश्यकता होती है।इसीलिए हमें अपने जीवन में सदगुरु अवश्य बनाने चाहिए।जिससे कि हमारा कल्याण हो सके। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत मानवीय जीवन के बहुमूल्य सूत्रों और सिद्धांतों की संहिता है।इस ग्रंथ के श्रवण करने से जीवन तो जीवन मृत्यु भी सुख मय बन जाती है।साथ ही इसमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के सूत्र और सिद्धांत तथा समाधान निहित हैं।उन्हें समझ कर धारण कर जीवन में उतारने की परम आवश्यकता है। महोत्सव के अंतर्गत भागवत विदुषी कीर्ति किशोरी अपने परिकर सहित जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर अनन्तश्री विभूषित स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज को कथा में पधारने का निमंत्रण उनके हरिद्वार स्थित आश्रम पर देने गईं। इस अवसर पर श्रीकृष्ण कीर्ति पत्रिका के संपादक व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सतेन्द्र जोशी, श्रीराधा माधव सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाजपत राय बंसल, उपाध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, उमेश बंसल, संगठन मंत्री आनंद किशोर अग्रवाल, विपिन खूँटेटा, अमित श्रीवास्तव, रामानुज शर्मा, मनोज अग्रवाल, कल्याणदास ब्रजवासी, महिला मंडल की अध्यक्ष कांता बंसल, ब्रजबाला बंसल, कंचन चौपड़ा, आशा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, वीना वाधवा, स्वामी श्री अनन्तानंत महाराज ,भागवत आचार्य मुकुंदी लाल महाराज आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पीएम श्री कंपोजिट स्कूल में आयोजित पोस्टर-निबंध प्रतियोगिता में उपेक्षा, अव्वल तथा गौरी भारती द्वितीय और दर्पण तोमर को मिला तृतीय स्थान



**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** पीएम श्री कंपोजिट स्कूल बिजली घर में ₹आजादी के अमृत काल में डॉक्टर अंबेडकर की भूमिका₹ थीम पर आधारित डॉ आंबेडकर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें कक्षा 6 7 8 के 50 बच्चों ने प्रतिभा किया जिनमें से कक्षा 8 की कुमारी उपेक्षा ने निबंध और पोस्टर दोनों में प्रथम स्थान तथा गौरी भारती ने द्वितीय स्थान दर्पण तोमर ने तृतीय स्थान सुशील कुमार ने चतुर्थ स्थान और प्राची ने पांचवा स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम और गौरव बढ़ाया। इस प्रतियोगिता का आयोजन विज्ञान अध्यापक अनिल कुमार ने अपने प्रयासों से बच्चों को शील्ड और मेडल देकर कराया तथा विद्यालय की ओर से इन बच्चों को मानक सर्टिफिकेट दिए गए। जिससे इनमें नए जोश और उत्साह का संचार हुआ और बच्चों ने संविधान निमार्ता के बारे में गहराई से जानकारी प्राप्त की इस अवसर पर विद्यालय की इंचार्ज प्र. राजकुमारी उपाध्याय वरिष्ठ अध्यापिका सुनीता रानी, नोडल शिक्षक रंजीत सिंह, गणित अध्यापक गौरव यादव, अध्यापिका अलका सिंह, पूनम शर्मा, नीतू सिंह तथा सीमा सिंह और छात्र-छात्र मौजूद रहे।

# सर्व समाज खाप चौधरी ने दंडात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग की

**वेलकम इंडिया**



**बडोत।** बडोत तहसील क्षेत्र के गुराना गांव में एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता चौधरी 84 देश खाप ब्राह्मण समाज पंडित सुभाष चंद्र शर्मा ने की और संचालन ओमवीर दरोगा ने किया पंडित ओंकार भारद्वाज चौधरी थांबा पट्टी बारु ने कहा कि अनुराग कश्यप ने ब्राह्मणों के प्रति आए बड़े आदमी टिप्पणी की है उसे पर सरकार धनात्मक कार्रवाई करें और अनुराग कश्यप सार्वजनिक रूप से माफी मांगे नहीं तो सर्व समाज के सहयोग से हम सड़कों पर उतरेंगे पंडित जगदीश शर्मा एवं हरिओम भारद्वाज ने कश्मीर में आतंकवादी द्वारा हमला हिंदुओं पर का आगे बहुत नींदनीत है सरकार एक तिहाई सेवा के सुपुत्र करके आतंकवाद का सफाया करें सभी चौधरी ने कश्मीर में आतंक हिंदुओं पर आतंकवादी हमले पर दुख व्यक्त किया मीटिंग में श्याम बिहारी शर्मा राजनीत सैंपल शर्मा विजेंद्र भारद्वाज पूर्व तहसीलदार नरेंद्र शर्मा पूर्व प्रधान किरठल चौधरी वेद प्रकाश चौधरी ओमवीर दरोगा शिवकुमार शर्मा थम्बा बिजरोल रजनी शर्मा गांव पूसार चौधरी महेंद्र चौहान खाप चौधरी राम महर में सेन समाज सुभाष बावली चौधरी चौधरी हरीभजन शर्मा थांबा पट्टी महर दीपक शर्मा सुरेन्द्र शर्मा बिनौली ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश शर्मा नंगल गांव नंगल अध्यक्ष विक्रम प्रधान दिनेश शर्मा अध्यक्ष सोनू शर्मा गांव बाजितपुर जसपाल चौधरी चौधरी यशपाल तोमर बिजरोल विनय शर्मा चौधरी विनय शर्मा थांबा पूसार ने विचार प्रकट किया गुराना गांव में पंडित सुनील शर्मा के निवास पर हुई बैठक को संबोधित करते हुए ब्राह्मण समाज 84देश खाप चौधरी पंडित सुभाष शर्मा ने कहा कि अनुराग कश्यप के विवादित बयान पर ब्राह्मण समाज में आक्रोश परंपरा है हम अनुराग कश्यप के विवादित बयान की घोर निंदा करते हैं

# विभोर भारद्वाज का गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ

**वेलकम इंडिया**



**शिकारपुर।** तहसील शिकारपुर के थाना अहमदगढ़ ब्लाक पहासू क्षेत्र के उटरावली गांव निवासी विभोर भारद्वाज पुत्र सतीश चंद्र शर्मा यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव पहुंचा तो ग्रामीणों ने उसका ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। परिवार में जश्न का माहौल है। अधिकांश राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने विभोर के परिजनों को फोन पर और सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दी है।

बुधवार को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप डीपी के माध्यम से लोगों ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर ऑल इंडिया स्तर पर 19 वीं रैंक हासिल करने वाले विभोर भारद्वाज को बधाई दी है। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलों की वर्षा करते हुए उसे फूल मालाओं से लाद दिया। विभोर भारद्वाज ने बताया कि वर्ष 2022 में यूपीएससी की परीक्षा में उसने 743 वीं रैंक हासिल की थी, जिस पर उसका रेलवे में चयन हुआ था और ट्रेनिंग चल रही है। लेकिन, वह इससे संतुष्ट नहीं हुआ। 2023 में वह असफल रहा। लेकिन, उसने ऊंचा मुकाम हासिल करने का संजोया सपना साकार करने के लिए पूरी ताकत लगा दी। यूपीएससीझ2024 की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 19 वीं रैंक हासिल की।

# बैंड बाजे के साथ निकली बाबा भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर शोभायात्रा

**वेलकम इंडिया**

**जहांगीराबाद।** नगर में बाबा भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ सपा नेता मुकेश पंडित ने फीता काटकर किया। बाबा साहेब की 134 वीं शोभायात्रा में बाबा साहेब के स्वरूप के साथ साथ सुंदर सुंदर झाकियां निकाली गई। शोभायात्रा नगर के बालाजी मंदिर रोड से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य बाजार होते हुए अम्बेडकर मोहल्ले में पहुंच कर पूर्ण हुई। शोभायात्रा के दौरान जय भीम के नारों से गूँजता दिखाई दिया तो यात्रा में चल रहे अखाड़े के करतब विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा तो वहीं आधा दर्जन से अधिक संख्या में डीजे पर बज रहे देश भक्ति गीतों पर सेकड़ो युवक महिलाएं खुशी से नाचते गाते चल रहे थे। इस मौके पर अनिल चरौरा ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षित बनो संगठित रहो तभी देश आगे बढ़ेगा, कहा कि बाबा साहब ने भारत के संविधान निर्माण के साथ देश व समाज के लिए अनेक उत्थान कार्य किए हैं। वही वक्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर चलने का संकल्प लिया। सुरक्षा की दृष्टि से अर्दसैनिक बल के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा।

इस मौके पर सपा विधानसभा सर्वेक्षक शेख रहीश अहमद, अनिल चौधरी भाजपा नेता, पूर्व विधायक होशियार सिंह, नईम अंसारी, जुगेंद्र पोसवाल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# वाद विवाद व क्विज प्रतियोगिता में दुधारा विद्यालय के छात्रों का दबदबा




**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर नेशनल इंटर कॉलेज मुड़ाडीहा बेग में ₹हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान₹ शीर्षक पर विकास खंड स्तर पर माध्यमिक विद्यालयों की क्विज एवं वाद विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई।

वाद विवाद प्रतियोगिता में दुधारा की सुंदरी प्रथम, मुड़ाडीहा बेग की हेना फातिमा द्वितीय व सालेपुर के जैद अहमद तृतीय स्थान पर रहे। क्विज प्रतियोगिता में मुड़ाडीहा बेग की शशि प्रथम, दुधारा की मधु चौधरी द्वितीय व दुधारा की आंचल चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। दोनों प्रतियोगिता से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के प्रतिभागियों का जनपद स्तरीय प्रतियोगिता जीजीआईसी खलीलाबाद में होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। सफल छात्र छात्राओं को बहुत बहुत बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य मुजीबुल्लाह खान, प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, कमरे आलम सिद्दीकी, जुबेर अहमद सहित अनेक लोगों ने बधाई दी है।

# हेमा मालिनी 25 अप्रैल से लगवायेंगी कथक कार्यशाला

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/वृंदावन।** ब्रज क्षेत्र के बालक-बालिकाओं और युवाओं को शास्त्रीय नृत्य 'कथक' सिखाने के लिए सांसद व नृत्यांगना हेमा मालिनी देश की प्रसिद्ध नृत्यांगना सुश्री उमा डोंगरे को तीन दिन के लिए मुम्बई से वृंदावन बुला रही हैं। सांसद हेमा मालिनी के सांस्कृतिक समन्वयक डॉ अनूप शर्मा ने गीता शोध संस्थान में जानकारी दी कि 25 से 27 अप्रैल 2025 तक, वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में मुंबई की वरिष्ठ कथक नृत्यांगना व प्रसिद्ध गुरू विदुषी उमा डोगरा जी द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क कथक प्रशिक्षण कार्यशाला 'नृत्य धाराह्व की शुरूआत की जा रही है। श्री शर्मा ने बताया कि बच्चों को नृत्य सीखने अक्सर मथुरा जिले से बाहर जाना पड़ता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, मथुरा की लोकप्रिय सांसद एवं विख्यात नृत्यांगना श्रीमती हेमा मालिनी जी ने अपने नाट्य विहार कला केंद्र मुम्बई के माध्यम से ब्रज में शास्त्रीय नृत्य की सुदृढ़ परंपरा को पुनर्जीवित करने की दिशा में कार्यशाला लगाने की अभिनव पहल की है। इस सांस्कृतिक प्रयास में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, वृंदावन बाल विकास मंच एवं हरे कृष्णा आर्किड का विशेष सहयोग प्राप्त है जबकि इस शिविर की समस्त व्यवस्था कान्हा अकादमी द्वारा की जा रही है। 'नृत्यधारा' कार्यशाला में कथक सीखने के उत्सुक बालक बालिकाएं, युवक व युवती 12 साल से ऊपर के हों। वे सभी 25 अप्रैल को प्रातः नौ बजे पंजीयन व प्रशिक्षण के लिए गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी ( सौ सैया अस्पताल के बगल में, टीएफसी के सामने) पहुंचें।

# बंगाल एवं केरल में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार एवं पलायन के लिए बंगाल में तुरंत राष्ट्रपति शासन लगाने की भारत सरकार से माँग:गोपाल राये

**वेलकम इंडिया**







**वाराणसी।** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय का लखनऊ इंटरसिटी से वाराणसी मे हुआ आगमन जिलाध्यक्ष वाराणसी राजेश मौर्या और स्वामी कन्हैया महाराज एवम अखिलेश कुमार (जिला उपाध्यक्ष),गौतम कुमार अध्यक्ष किसान मोर्चा,मोहित जिला उपाध्यक्ष एवम सैकड़ो कार्यकताओं ने वाराणसी कैंट स्टेशन पर एवम जिला कार्यालय मे माल्यार्पण करने के उपरांत बुके देकर सैकड़ो कार्यकताओं ने गोपाल राय का सम्मान किया

वाराणसी कैंट स्टेशन से राजेश मौर्या व स्वामी कन्हैया महाराज ने राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के साथ सड़क मार्ग से बरेका कालोनी के समीप स्थित पार्टी जिला कार्यालय पहुंचे वहां पर उपस्थित सैकड़ो कार्यकताओं और पदाधिकारियों के द्वारा गोपाल राय का किया गया जोरदार स्वागत अभिनन्दन गोपाल राय का माल्यार्पण कर बुके देकर उनका सम्मान किया गया साथ में लाखो कार्यकताओं को विश्व हिंदू रक्षा परिषद में जोड़ने का संकल्प लिया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने जिला कार्यालय पर बंगाल में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार एवम पलायन के लिए ज़िम्मेदार ममता सरकार एवम केरल की सरकार को आड़े हातो लेते हुए बंगाल में तुरंत राष्ट्रपति शासन लगाने की भारत सरकार से माँग की तथा उन्होंने यह भी बताया कि सभी जानते हैं कि बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति कैसी है और दिन-ब-दिन और भी चिंताजनक होती जा रही है हमारे ही भारत में,पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में एक परिवार को जो घर में भोजन करने की तैयारी कर रहा था निर्मम तरीके से मार डाला गया। वाराणसी जिलाध्यक्ष राजेश मौर्या ने कहा की कई साल पहले हिंदू अफगानिस्तान से भागे,पाकिस्तान से कश्मीर से फिर बंगलादेश से फिर अपने ही देश में बंगाल एवम केरल से पलायित हो रहे है आखिर कब तक हिंदू भागेगो स्वामी कन्हैया महाराज ने कहा की हमे जातीयों के बंधन को समाप्त करना होगा हम पहले भारतीय हिंदू है। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने जिला कार्यालय पर अपने पदाधिकारियों एवम कार्यकताओं को आगामी 4 मई 2025 को अंतरराष्ट्रीय जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह के बारे में विस्तार से चर्चा किया एवम ये भी बताया की इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में कई देशों के प्रतिनिधि उस सम्मेलन का हिस्सा होंगे कार्यकत्ताओं और पदाधिकारियों से मीटिंग के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने पदाधिकारियों संग विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा पांडेय की माता जी कि तेरहवीं कार्यक्रम में पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया इस मौके पे संकठा प्रसाद, राकेश, छोटू, अजय, अनिल, राजकुमार, नंदलाल, राहुल,म नीष जितेंद्र ,साहिल राजा,प्रोमिस, रामसजीवन, विशाल,दीपचंद, फुलजेंस, रवींद्र, आर्यन, अभिषेक, सूरज आदि सैकड़ो लोग वहाँ उपस्थित थे।

# मोदी ग्लोबल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस समारोह मनाया गया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** विश्व पृथ्वी दिवस समारोह पर हर साल पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की समस्याओं के बारे में जागरूक करना है। यह विश्व में सबसे बड़े धर्मनिरपेक्ष उत्सवों में से एक बन गया है। पृथ्वी ईश्वर की सबसे सुंदर रचना है इसे अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए बचा कर रखें। छात्रों में पृथ्वी संरक्षण की भावना का विकास करने हेतु डॉ.के.एन मोदी ग्लोबल स्कूल टेक्सटाइल शाखा में प्रत्येक वर्ष के समान 22 अप्रैल 2025 को विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन में सभी छात्रों ने सर्वप्रथम विद्यालय में पौधारोपण गतिविधि में प्रतिभाग किया इसके पश्चात विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया




प्रार्थना सभा में विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस सपना खुराना, कोऑर्डिनेटर आकांक्षा शर्मा, सभी अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। छात्रों को पृथ्वी दिवस के महत्व के विषय में बताते हुए प्रार्थना सभा का आरंभ किया गया मंच संचालन का कार्यभार कक्षा 6 की छात्रा अन्वी सहारान ने किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए सभा में बहुत ही सुंदर-सुंदर कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने विश्व पृथ्वी दिवस पर एक बहुत सुंदर नाटक की प्रस्तुति दी इसके पश्चात कक्षा 6 व 7 के छात्रों ने अंग्रेजी भाषा व हिंदी भाषा में भाषण व कविता प्रस्तुत की इसके अनंतर कक्षा 4,5,6,7 के छात्रों ने पुनः एक बहुत ही सुंदर पृथ्वी दिवस पर आधारित विशेष नाटक का मंचन किया जिसे देख सभी छात्र मंत्र मुग्ध हो गए सभी ने पृथ्वी दिवस के महत्व को समझा इसके अंतर विद्यालय की हिंदी विषय की अध्यापिका सोनिया शर्मा ने छात्रों को पृथ्वी की सुरक्षा के महत्व को बताया व छात्रों को इस विषय पर प्रेरित करते हुए एक बहुत सुंदर कविता की प्रस्तुति दी इसके पश्चात विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती सपना खुराना ने छात्रों को विश्व पृथ्वी दिवस के विषय से अवगत कराते हुए मार्गदर्शित किया एवं सभी को वृक्षारोपण करने का सुझाव दिया। उसके पश्चात बहुत ही सुंदर नृत्य के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस प्रकार पृथ्वी दिवस के विशेष अवसर पर छात्रों ने पृथ्वी को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा रखने की शपथ ली। संपूर्ण कार्यक्रम बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ पूर्ण हुआ।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मे काव्य पाठ का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर शासन आदेश द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा के कुशल नेतृत्व में और हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉक्टर गीता त्यागी तथा डॉक्टर सारिका त्यागी के कुशल निर्देशन में एक काव्य पाठ का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व और कृतित्व था इस कार्यक्रम में लगभग 30 छात्राएं उपस्थित रही और लगभग 7 छात्राओं ने काव्य पाठन किया महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा तथा चित्रकला विभाग की अध्यक्षा डॉ ऋषिका पांडे ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन के विषय में छात्राओं को मूल्यवान जानकारी देकर प्रोत्साहित किया मंच का संचालन डॉक्टर गीता त्यागी तथा डॉक्टर सारिका त्यागी ने किया और महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना सफल योगदान दिया।

## सर्व हिंदू समाज के लोगों ने आतंकवाद का पुतला जलाया, ज्ञापन सौंपा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** सर्व हिन्दू समाज, मोदीनगर के लोगों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आतंकवाद का पुतला जलाया।

समाज के लोगों ने एक ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम एसीपी ज्ञान प्रकाश राय को सौंपा। जिसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर कठोर कार्यवाही हेतु अनुरोध किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकवादी हमले ने पूरे देश को गहरे आघात में डाल दिया है। इस हमले में निर्दोष नागरिकों की जान गई, सुरक्षाबलों पर हमला हुआ, और भारत की संप्रभुता को चुनौती दी गई। इस हमले ने इस स्थिति को और भी अधिक गंभीर बना दिया है। हिन्दुओं को टारगेट किया गया है मारने से पहले उनका नाम पूछा गया था और उनके कपड़े उतरवाए थे। पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी संगठन लगातार भारत की शांति भंग करने का प्रयास कर रहे हैं।

# राजकुमार खुराना पंजाबी मंच के अध्यक्ष एवं सुनील चावला महासचिव चुने गए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** पंजाबी समाज मोदीनगर के प्रतिष्ठित एवं गणमान्य व्यक्तियों की बैठक हुई। बैठक में सर्व सम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि पंजाबी समाज के उत्थान के लिए एक नई संस्था का गठन किया जाना नितांत आवश्यक है। सभी व्यक्तियों ने करतल ध्वनि से इस प्रस्ताव का समर्थन किया तथा सर्व सम्मति से नई संस्था का नामकरण ?पंजाबी मंच? किया गया। इस अवसर पर पंजाबी मंच, मोदीनगर की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु राजकुमार खुराना एवं महासचिव पद हेतु सुनील चावला को मनोनीत किया गया। संस्था में मुख्य संरक्षक राज ढींगरा, संरक्षक राजीव खुराना, संयोजक ललित अरोड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंदर खुराना व लोकेश दोढी, मुख्य सचिव संजीव चौधरी व राजेश अरोड़ा, कोषाध्यक्ष छबील चावला, सलाहकार डॉ जी एस सचदेवा व उपाध्यक्ष पद पर अमित टंडन व संजीव अरोड़ा (बंटी) के नाम मनोनीत किए गए। बाकी की कार्यकारिणी बाद में बनने पर सहमति व्यक्त की गई ।इस अवसर पर पंजाबी मंच के अध्यक्ष राजकुमार खुराना जी ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह एक अमानवीय कृत्य है और पंजाबी मंच मोदीनगर इसकी घोर भर्त्सना करता है एवं सरकार से मांग करता है कि इन आतंकवादियों को मौत की सजा से भी बदतर सजा दी जाए। सभी उपस्थित व्यक्तियों ने घटना की निंदा की वह मारे गए भाइयों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। तत्पश्चात राजकुमार खुराना ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारा शहर विशाल हो रहा है तथा उसके क्षेत्रफल के विकास को देखते हुए एवं हर पंजाबी व्यक्ति पर पहुंच के लिए एक नए पंजाबी मंच की जरूरत महसूस की जा रही थी जिसको मद्देनजर रखते हुए मोदीनगर निवासियों के सेवार्थ हेतु इस मंच की स्थापना की गई है।

## आतंकी हमले की निंदा करते हुए कस्बा निवाड़ी के लोगों ने निकाला शांति मार्च



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** नगर पंचायत निवाड़ी के लोगों ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कस्बे मे शांति मार्च निकालकर मारे गए लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर पंचायत निवाड़ी में मैंन बाजार निवाड़ी से हनुमान मंदिर तक शांति मार्च निकाला गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सत्येंद्र त्यागी मंटू त्यागी अंकित त्यागी देवांश त्यागी राहुल सक्सेना नितिन त्यागी सभासद जगदीश कुमार राजकुमार त्यागी मांगू केवट सचिन ठेकेदार मदन लाल फौजी जय भगवान फौजी राज प्रकाश त्यागी आशीष गोयल विवेक त्यागी मनीष त्यागी निक्कू त्यागी परमजीत बिट्टू त्यागी मनोज त्यागी वीरेंद्र त्यागी वेदांश त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग का किया भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग का वैश्य समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाज के लोगों से सामाजिक हित में कार्य करने के साथ-साथ महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी के बताएं रास्ते पर यदि समाज के लोग चलेंगे तो समाज का विकास होगा और देश भी विकास की गति पकड़ेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग यहां प्रवीण मित्तल, अरविन्द अग्रवाल के साथ पवन सिंहल (अध्यक्ष--वैश्य सभा, मोदीनगर) द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में शामिल हुए एवं अपने ओजस्वी भाषण से व्यापारी/वैश्य समाज को मंत्र मुग्ध कर दिया। वैश्य समाज, व्यापारियों ने शाल एवं पुष्प माला भेंट कर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग का स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने मोदीनगर की बेटी एवं प्रवीण मित्तल की छोटी बहन डॉ मुक्ता कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी पंचकूला (चंडीगढ़) द्वारा अग्रवाल सम्मेलन एवं स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित सर्वाधिक रक्तदान शिविरों द्वारा वर्ल्ड रिकॉर्ड कीर्तिमान स्थापित किए जाने की भी चर्चा की। डॉ मुक्ता के पति हरियाणा नायब सिंह सैनी सरकार में प्रमुख सचिव पद पर तैनात हैं।। निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष कार्यक्रम में प्रवीण मित्तल, अशोक माहेश्वरी, अरविन्द अग्रवाल, संजय गुप्ता, अरविन्द जिंदल, अनिल मित्तल, रवि गोयल, अजय मित्तल, राकेश बंसल (जगदम्बा) हरिकिशन मित्तल, राम अग्रवाल, विपिन मित्तल सहित काफी बड़ी संख्या में वैश्य समाज, व्यापारी उपस्थित रहे।

# धैर्य की परीक्षा

ऐसा कोई नहीं जो गीता के बारे में न जानता हो गीता के उपदेश के कुछ अंश लगभग सभी व्यक्तियों को स्मरण होते हैं इस गीता में एक जगह भगवान कृष्ण कहते हैं आत्मा अमर है ना इसे कोई जला सकता है ना इसे काटा जा सकता है आत्मा अमर है शरीर को जलाया जा सकता है काटा जा सकता है परंतु आत्मा को नहीं

यह शरीर कभी अमीर परिवार में जन्म लेता है तो कभी गरीब परिवार में जन्म लेता है व्यक्ति पुराने कपड़ों को छोड़कर नए कपड़े धारण करता है इसी तरह आत्मा पुराने शरीर को छोड़कर नए शरीर को धारण करती है एक बार शरीर से आत्मा निकल जाती है उस शरीर को दोबारा से ग्रहण नहीं करती व्यक्ति पूर्व जन्म में जिस स्थान को छोड़कर आ जाता है जिन सगे संबंधियों को छोड़कर चला आता



पीयूष अरोड़ा

है उन सबको भुला दिया जाता है पूर्व जन्म के नगरों को छोड़ दिया जाता है पूर्व जन्म में जिस नगर से आपका नाता था जो आपके सगे संबंधी थी जो आपके मित्र थे उन सब से तो दूर हो जाते हैं परंतु सिर्फ एक चीज आपके साथ हमेशा रहती है वह है आपके कर्म

व्यक्ति के कर्म उसका पीछा नहीं छोड़ते व्यक्ति उसकी किए कर्मों का फल उसे भोगना ही पड़ता है व्यक्ति के कर्म उसके साथ सदैव बने रहते हैं जो व्यक्ति प्रभु भक्ति में चलते हुए आहार सात्विक रहता है उसकी कार्यशाली मर्यादित है व्यक्ति के कार्य करने की शैली अनुशासित है सोना और जागना अनुशासित है परमपिता परमेश्वर उसे दुखों के सहने की क्षमता प्रदान करता है ऐसा कोई व्यक्ति नहीं जिसकी जीवन में उतार चढ़ाव सुख और दुख ना आते हो जब भी व्यक्ति पर विपरीत परिस्थिति आती है तो वह उसके धैर्य की परीक्षा लेती है इसलिए व्यक्ति को पर किसी भी परिस्थिति में धैर्य को नहीं छोड़ना चाहिए।

## बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से सोने की चेन छीनी

**गाजियाबाद।** बार्डर थाना क्षेत्र की लाल बाग कालोनी में मंगलवार दोपहर बाइक सवार दो युवकों ने एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। लाल बाग कालोनी के सी ब्लॉक निवासी सुमित राणा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी प्रियंका मंगलवार दोपहर कालोनी स्थित ए ब्लॉक में बच्चों को ट्यूशन में छोडे गई थी। आरोप है कि घर लौटते समय ए ब्लॉक के पास दो बाइक सवार युवकों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बाइक से फरार हो गए। घटना स्थल से पास लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी बाइक पर भागते नजर आ रहे है। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# ब्लॉक रजापुर में मीना मंच सुगमकर्ताओ का सम्मान समारोह

वेलकम इंडिया

आज दिनांक 22 /4/25 को खण्ड शिक्षा अधिकारी कविता चौहान जी की अध्यक्षता में मीना मंच सुगमकर्ताओ का सम्मान समारोह ब्लॉक संसाधन केंद्र रजापुर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी सुगमकर्ताओ का अभिनन्दन करते हुए ब्लॉक जेंडर नोडल रेनू चौहान ने पी पी टी के माध्यम से मीना मंच की गतिविधियों व टूल 10 भरने के तरीके के बारे में विस्तार से चर्चा की। जेंडर नोडल मीना कुमारी ने मीना मंच के गठन व अरमान मॉड्यूल के सत्रों पर चर्चा की। जेंडर नोडल अंशु सिंह व नीतू सिंह ने प्रगति के पंख मॉड्यूल पर प्रस्तुतिकरण दिया। जिला जेंडर नोडल पूनम शर्मा ने बालिकाओं व



महिलाओं के अधिकारों व हेल्प लाइन नंबरो पर बात की, उन्होंने यह भी बताया कि हमे समय समय पर ग्रामीण परिवेश की महिलाओं के लिए जागरूकता अभियान चलाते रहना चाहिए। इसके पश्चात खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदया कविता चौहान जी व जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुणाल मुदगल जी ने सभी सुगमकर्ताओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिस ऊर्जा और मनोयोग से हमारे शिक्षक कार्य करते हैं वो वाकई काबिले तारीफ है।

## दीपक सैनी ने एमबीबीएस की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूरी की कुंतेश सैनी ने दी बधाई

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** रिम्स मेडिकल कॉलेज रायपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद डॉ. दीपक सैनी ने हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है इस उपलब्धि पर उनके पिता डॉ. यशपाल सैनी व माता डॉ. कुंतेश सैनी ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा, ?यह हमारे लिए अत्यंत गौरव का क्षण है डा दीपक सैनी ने निरंतर मेहनत और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है हम उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस सफलता ने न केवल परिवार को गर्व महसूस कराया है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत भी है।

डॉ. कुंतेश सैनी ने बताया कि यह उपलब्धि डी के हॉस्पिटल,



चांदपुर रोड नूरपुर के लिए भी गौरव की बात है, जहाँ से उनके परिवार का चिकित्सा सेवा से गहरा जुड़ाव है डा. दीपक सैनी को अनेक सामाजिक, राजनीतिक व्यक्तियों में बधाई दी है।

# इंजिनियर कविश राणा ने अपने पुत्र का विवाह दहेज मुक्त कर समाज में पेश की मिसाल कायम

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** ग्राम गौहावर निवासी इंजीनियर कवीश राणा ने अपने पुत्र लक्षित राणा अग्निवंशी का विवाह देहज रहित शादी कर एक मिसाल कायम की है उन्होंने बेटे की शादी में केवल 1 रुपए का शगुन लेकर दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज बुलंद की है। जिसकी पूरे जनपद बिजनौर व मुरादाबाद में चर्चा हो रही हैं।

मुरादाबाद के आम्रपाली में विवाह के उपरांत गोहावर में श्रीराम संतोष गार्डन में आशीर्वाद समारोह में हजारों राजनैतिक व सामाजिक हस्तियों सहित क्षेत्रवासियों एवं रिश्तेदारों ने वर वधु को आशीर्वाद देते हुए उत्तम, दीघार्यु व उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। उनके इस कदम से समाज में एक नई पहल के माध्यम से महत्वपूर्ण बदलाव लाने



का प्रयास किया है। इस दहेज रहित शादी ने दहेज प्रथा के खिलाफ एक सशक्त व मजबूत आवाज बुलंद की और शादी- विवाह प्रेम संबंध हैं, न कि भौतिकतावाद में वस्तुओं व धन के आधार पर होने वाला सम्बन्ध। उनके इस कदम को क्षेत्र में सराहा जा रहा है और उम्मीद की जा रही है कि क्षेत्र में भी अन्य लोग इस उदाहरण से प्रेरणा लेकर अमल करेंगे। समाज सेवी इंजीनियर कवीश राणा का सार्थक प्रयास निश्चित रूप से समाज में एक नई सोच को जन्म देगा और दहेज प्रथा के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# निवेश मित्र पोर्टल पर कोई भी प्रकरण लंबित ना रहें: अभिनव गोपाल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं एवं विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई और त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कवि नगर औद्योगिक क्षेत्र में मैसर्स स्वदेशी कंपाउंड में फायर स्टेशन की स्थापना को लेकर जानकारी दी गई कि स्वदेशी पॉलिटिक्स द्वारा 18,25,000 का भुगतान फायर टेंडर के लिए कर दिया गया है तथा कर्मियों के लिए बैरक और अन्य सुविधाएं तैयार की जा रही हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी को शीघ्र कार्य पूर्ण कर फायर स्टेशन संचालन सुनिश्चित करने को कहा गया। साइट-4 साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में सौर ऊर्जा मार्ग पर स्थित बृज विहार पुलिया के निर्माण की जानकारी दी गई कि सेतु निगम द्वारा कार्य शुरू हो चुका है, जिसे एजेंडा से हटाने के निर्देश दिए गए। इंद्रप्रस्थ योजना पॉकेट-बी औद्योगिक क्षेत्र की सड़क निर्माण में दिल्ली जल बोर्ड की अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को समन्वय कर कार्रवाई के निर्देश मिले। ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी लोनी औद्योगिक क्षेत्र में फायर स्टेशन निर्माण हेतु 396.68 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसकी कार्यवाही संस्था के रूप में उत्तर प्रदेश आवास विकास निर्माण खंड बागपत-2, मंडोला विहार को नामित किया गया है। दिल्ली-सहारनपुर रोड पर नाले निर्माण व साउथ साइड जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र में रेलवे दीवार के पास नाले निर्माण के संबंध में स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। साथ ही एनएच-9 से औद्योगिक क्षेत्र में जाम की समस्या का स्थाई समाधान निकालने हेतु भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और पुलिस विभाग को संयुक्त निरीक्षण के निर्देश दिए गए। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा में लंबित मामलों पर असंतोष जताते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को तत्काल मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विद्युत विभाग, भूगर्भ जल विभाग, और यूपीएसआईडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदन आते ही परीक्षण कर निस्तारण करें ताकि प्रकरण समय सीमा से बाहर न जाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि स्थलीय निरीक्षण में रिपोर्ट के साथ फोटोग्राफ भी प्रस्तुत की जाएं और अवैध अतिक्रमण पर सख्त कार्यवाही की जाए।

# शहर में अव्यवस्थित रेहड़ी पटरी, ठेलों, खोको को किया जाए व्यवस्थित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर में अतिक्रमण के खिला$फ नगर निगम लगातार कार्यवाही कर रहा है महापौर और नगर आयुक्त भी शहर में पेट बाजार, रेहड़ी ठेला, पटरी को व्यवस्थित करने पर कार्य कर रहे है जिसके क्रम में महापौर सुनीता दयाल ने बुधवार को नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश कुमार के साथ विजय नगर के सुपरवाइजरो के साथ बैठक की। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि वार्डो में लग रही ठेले रेहड़ी पटरी ओर पेट बाजारों द्वारा अव्यवस्थित तरीके से खड़े होने के कारण शहर गंदा दिखता है और ट्रैफिक की परेशानी भी होती है। इसलिए सभी ठियों को व्यवस्थित किया जाना है, जिसमे आपकी भूमिका सर्व प्रथम है। आप अपने अपने वार्डो में सभी ठियों को सड़क से पीछे करवाए और सुंदर करवाए जिसके लिए पूरा नगर निगम आपके साथ है और पेठ बाजार व ठेले कूड़ा उसी स्थान पर छोड़ जाते है या नाले में डाल देते हैं जिस के कारण नगर निगम का कार्य बढ़ता है और नाले जाम हो जाते है। पिन्नियाँ सड़को पर उड़ती हैं जी शहर हिट में बहुत गलत है इसलिए सभी सुपरवाइजर अपने पीने वार्डो को साफ सुंदर और व्यवस्थित करे। साथ ही महापौर सुनीता दयाल ने भी सभी शहर में ठेले, रेहड़ी, पटरी और पेट बाजार वालो से अपील की गई कि आप जहां खड़े होते हैं वही कूड़ा डाल जाते हैं जिस कारण शहर गंदा होता है। इस लिए अपने ठियों पर डस्टबिन रखें और कूड़ा नगर निगम की गाडियों या व्यवस्थित स्थान पर ही डालें।

## पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना असहनीय, सभी को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होना होगा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना न केवल असहनीय है, बल्कि यह पूरे देश को झकझोर देने वाली है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। राजनीतिक दलों और सभी धर्मों के लोगों को एकजुट होकर संकल्प लेना चाहिए कि आतंकवाद को समाप्त करके ही चैन से रहेंगे। राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि यह घटना यह दशार्ती है कि आतंकवादियों में कितनी हिम्मत थी कि उन्होंने हमले से पहले अपनी जाति पूछी, और जाति के आधार पर निर्दोष लोगों की हत्या कर दी। यह न केवल हिंदू-मुसलमान के बीच, बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए एक चेतावनी है कि यदि हम अब भी एकजुट नहीं हुए, तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यह समय है कि हम सभी को एक साथ मिलकर आतंकवाद का मुकाबला करना होगा और देश की एकता को बनाए रखना होगा। राजनीतिक दलों को अपनी विचारधारा से ऊपर उठकर इस संकट के समय में एकजुट होकर आतंकवाद का समूल नाश करने का संकल्प लेना होगा।

# कब तक पुतला फूँके इन शैतानों का! अब तो वक्त आ गया है! खून का बदला खून लेने का!!

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** बीके शर्मा हनुमान गाजियाबाद विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर / अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि धैर्य की भी कोई सीमा होती है कब तक पुतला फुकेगे के इन शैतानों का अब तो वक्त आ गया है खून का बदला खून से लेने का तभी यह शैतानों का आतंकवाद रुक पाएगा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले ने लोगों के दिलों को दहला दिया है। यहां आतंकियों ने पर्यटकों पर गोलीबारी की है जिसमें 26 पर्यटकों की मौत की खबर सामने आई है। वहीं, इस घटना की चश्मदीद महिला पर्यटक ने एक हैरान कर देने वाली बात बताई है। महिला ने बताया है कि आतंकियों ने पहले लोगों से उनका नाम और धर्म पूछा और उसके बाद उन्हें गोली मारी है। बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हुए कायराना हमले की घोर निंदा करता हूँ। महादेव से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। मुझे उम्मीद है कि भारत सरकार कश्मीर में एक भी आतंकवादी को नहीं छोड़ेगी। मारे गए लोगों का सिर्फ.इतना दोष था कि वे हिंदू थे। कश्मीर में हमेशा से हिंदुओं का खून बहा है, अब समय आ गया है कि कश्मीर समस्या का पूरी तरह से समाधान किया जाए। उरी और बालाकोट से भी भीषण इस कायराना हमले का कड़ा जवाब दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर ललित शर्मा, सुमित शर्मा, हरेंद्र प्रजापति, मनोज नगर, आलोक गुप्ता, मुकेश गोयल, टी सी शर्मा, संतराज, टिल्लू चौधरी, राहुल शर्मा, शैली सेठी, सहित सैकड़ों क्रांतिकारी देश भक्त मौजूद थे।

## कायरतापूर्ण आतंकी हमले पर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने व्यक्त की गहरी शोक संवेदना

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुए इसे कायरतापूर्ण एवं अक्षम्य बताया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं देश की एकता और अखंडता को चुनौती देने का प्रयास हैं, जो कभी सफल नहीं होंगे। मंत्री कश्यप ने कहा कि इस दुःखद आतंकी हमले में जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति वे अपनी गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हैं। उन्होंने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्माओं को सद्गति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। भारत का एक-एक नागरिक इस कायरतापूर्ण हरकत के खिलाफ एकजुट है। हमारी सरकार सिर्फ उन्हीं लोगों तक नहीं पहुंचेंगी जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है बल्कि हम उन तक भी पहुंचेंगे जिन्होंने परदे के पीछे बैठकर हिंदुस्तान की सरजमीं पर ऐसी नापाक हरकतों की साजिशें रची हैं। पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला बेहद दुखद और निंदनीय है। यह क्रूरता केवल कुछ लोगों पर नहीं, बल्कि पूरी मानवता पर हमला है। छुट्टियां मनाने आए मासूम लोगों को निशाना बनाना कायरता की हद है।

## कश्मीर आतंकी हमला अत्यंत कायरतापूर्ण :सरदार एसपी सिंह

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आतंकवादियों द्वारा कश्मीर में धर्म पूछ कर निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की निर्मम हत्याओं को पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष सरदार एसपी सिंह ने कायरतापूर्ण आतंकी हमला बताते हुए घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। श्री सिंह ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि नाम व धर्म पूछकर निर्दोष लोगों का नरसंहार किया गया है ऐसा स्पष्ट अंदेशा है कि विदेशी ता$कतों के इशारे पर यह देश के सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड ? की गहरी साजिश है। केन्द्र सरकार ऐसी कुत्सित मानसिकता वालों को कभी नहीं छोड़ेगी और उनको उनके घर में घुसकर ठोकेगी। श्री सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ऐसी कुत्सित मानसिकता वाली ता$कतों को कुचलने व देश से आतंकवाद को समाप्त करने के लिए अडिग है। इस घटना के विरोध में आज उत्थान समिति द्वारा होने वाले एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम को भी निरस्त कर दिया है।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जांच की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों द्वारा की जा रही निगरानी पूर्णतः सक्रिय होनी चाहिए और उसका बैकअप नियमानुसार सुरक्षित रखा जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने वेयरहाउस की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और गर्मी को देखते हुए परिसर में किसी भी ज्वलनशील पदार्थ के संग्रहण पर रोक लगाने को कहा। साथ ही, विद्युत वायरिंग की नियमित जांच सुनिश्चित करने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, एडीओ निर्वाचन हरीकिशन शर्मा, एसीओ विवेक सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि-सुभाष चंद्र शर्मा (भाजपा), ताहिर हुसैन (सपा), राजेंद्र शर्मा (कांग्रेस) और मनोज कुमार (बसपा) भी उपस्थित रहे। यह निरीक्षण लोकसभा चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया।

# वसुंधरा सेक्टर-1 में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आरंभ, 108 कलशों के साथ निकली महिलाएं



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर-1 स्थित रामलीला ग्राउंड में बुधवार से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर 108 महिलाओं द्वारा पारंपरिक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की मधुर धुनों पर नाचते-गाते हुए महिलाएं धार्मिक आस्था और उल्लास से भरपूर इस यात्रा में शामिल हुईं। यह आध्यात्मिक आयोजन 23 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन होगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का श्रवण भक्तों को कराया जाएगा। कथा के शुभारंभ पर अंजू, रजनी, सीमा, रितिका, सोनाली, मधु सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहीं। धार्मिक वातावरण, भक्ति रस और संस्कृति की झलक लिए यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए आस्था से जुडे का एक सुनहरा अवसर बन गया है।

## सावधानी ही सुरक्षा, लू से बचाव करें, स्वास्थ्य का रखें ध्यान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सौरभ भट्ट ने बुधवार को प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा गाजियाबाद जिले में हीटवेव (लू) की चेतावनी जारी की गई है। वर्तमान में जनपद का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच चुका है और आगामी 24 अप्रैल से 26 अप्रैल 2025 तक लू प्रकोप की आशंका जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, गाजियाबाद में तापमान 44.48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने पर हीटवेव की आधिकारिक घोषणा होती है। वर्तमान वायुमंडलीय परिस्थितियों और उच्च आद्रता के कारण गर्मी का असर शरीर पर घातक साबित हो सकता है, जिससे डिहाइड्रेशन, ऐंठन और गंभीर मामलों में मृत्यु तक हो सकती है। हीटवेव के दौरान बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, बीमार, मजदूर और निराश्रित लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। शहरी क्षेत्रों में अर्बन हीट आइलैंड की स्थिति बन रही है, जिससे तापमान और भी अधिक महसूस हो सकता है। प्रशासन द्वारा आम जनमानस से अपील की गई है कि मौसम विभाग की चेतावनी को गंभीरता से लें और उपरोक्त सुझावों का पालन कर स्वयं एवं अपने परिजनों को सुरक्षित रखें। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विशेषज्ञ वैभव पांडेय द्वारा जनता के लिए हीटवेव से बचाव हेतु सावधानियां (एडवाइजरी) जारी की गई हैं।

## 30 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव

**गाजियाबाद ।** राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति द्वारा बुधवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने बताया कि 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार नेहरू नगर गाजियाबाद में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद गाजियाबाद के आसपास के सभी भाई बहन शामिल होंगे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगे, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार के मंत्री नरेंद्र कक्ष्यन, सांसद अतुल गर्ग, नोएडा के सांसद मंत्री डॉ महेश शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व मंत्री अनिल शर्मा, विधायक संजय शर्मा, संजीव शर्मा, अजीत पाल आदि रहे।

# गाजियाबाद की पुनर्कल्पना: समावेशी विकास की ओर एक नई सोच: असीम अरुण

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** इसे उपनगर के रूप में विकसित हुए 60 साल हो चुके हैं, लेकिन आज इस शहर को व्यवस्थित यातायात, बेहतर कचरा प्रबंधन और मजबूत बुनियादी ढांचे जैसे सुधार की आवश्यकता है. गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री श्री असीम अरुण ने ह्यगाजियाबाद की पुनर्कल्पनाह्ल नई अवधारणा के तहत समावेशी विकास की एक व्यापक योजना प्रस्तुत करते हुए ये बातें कहीं. उएढळ यूनिवर्सिटी के मार्गदर्शन से प्रेरित इस योजना में सरकारी और निजी दोनों प्रकार की जमीनों के पुनर्विकास, रैपिड रेल व मेट्रो केंद्रों के इर्द-गिर्द मिश्रित उपयोग क्षेत्रों के निर्माण और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देने की बात कही गई है. खोड़ा कॉलोनी जैसी बस्तियों का पुनर्विकास और छोटे भू-स्वामियों को भूमि पूलिंग के लिए प्रोत्साहन इस बदलाव के केंद्र में हैं। प्रभारी मंत्री श्री असीम अरुण ने बताया, भेंडी बाजार और वैंकूवर जैसे उदाहरणों से प्रेरणा लेते हुए यह योजना गाज़ियाबाद को उत्तर भारत का एक समावेशी, टिकाऊ और आधुनिक शहरी केंद्र बनाने में कारगर होगी. उन्होंने स्पष्ट किया– यह केवल सुधार नहीं, एक पूरी पुनर्कल्पना की आवश्यकता है.

## घर बुलाकर दबंगों ने सरिया मारकर व्यक्ति का सिर फोड़ा

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के गांव भोजपुर में समझौता के लिए घर बुलाकर दबंगों ने सरिया मारकर एक व्यक्ति का सिर फोड़ दिया। गंभीर हालत में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव भोजपुर निवासी मुस्तफा ने बताया कि गांव निवासी इब्राहिम ने फोन पर कहा कि तुम्हारे भाई की शिकायत है घर पर आ जाना है। देर रात वह इब्राहिम के घर पर पहुंच गए। आरोप है कि इसी बीच इब्राहिम पक्ष के लोगों ने अचानक हमला बोल दिया।

चीख पुकार सुन आसपास के लोगों ने मुस्तफा को किसी तरह बचाया। गंभीर हालत में पीड़ित को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।